(1100/NK/MMN)

1100 Hours

(Hon. Speaker *in the Chair*)

माननीय अध्यक्ष: क्वेश्चन ऑवर 201, श्री देवजी पटेल – उपस्थित नहीं।

श्री पी. पी. चौधरी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, क्वेश्चन ऑवर के बाद आपको बोलने का मौका देंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: क्वेश्चन ऑवर के बाद व्यवस्था दी है, पेपर लेड के बाद आपको बोलने का मौका दिया जाएगा, व्यवस्था दे दी गई है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: बालू जी को जीओ ऑवर में बोलने का मौका देंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैंने व्यवस्था दे दी है, पेपर लेड होने के बाद आपको बोलने का मौका दिया जाएगा।

(प्रश्न 201)

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): माननीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी, ट्राइबल मिनिस्ट्री और मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा। 70 सालों के बाद भी पाली लोक सभा क्षेत्र का ट्राइबल एरिया पांचवें शेड्यूल से वंचित था। पहली बार इस एरिया को पांचवें शेड्यूल में रखने के लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इससे सभी बेनिफिट जो पांचवें शेड्यूल में हैं, उन ट्राइबल लोगों को मिलेंगे जो 70 सालों से वंचित थे। मेरा क्वेश्चन आपके मार्फत माननीय मंत्री जी है कि जहां तक ई-गवर्नेंस की बात है, आपने ऑनलाइन पोर्टल की बात की, काफी स्कीम के बारे में कहा, लेकिन गवर्नेंस की अनप्रिसिडेंटेड स्पीड और स्केल पिछले पांच सालों में रही है, उसका पिवटल रोल ई-गवर्नेंस का है, डिजिटल इंडिया का है।

मैं आपके मार्फत से पूछना चाहूंगा कि टीएसपी फंड बहुत बड़ा फंड है, टीएसपी फंड सेंटर, स्टेट गवर्नमेंट और यूनियन टैरिटरी का है, कम्प्लीट फंड चैनलाइज होकर एक पाइपलाइन में जाता है, सेंट्रल गवर्नमेंट के लिए ई-गवर्नेंस की व्यवस्था कर दी है, लेकिन स्टेट गवर्नमेंट और यूनियन टैरिटरी का भी बहुत बड़ा फंड है, जब सारा चैनलाइज होकर एक जगह जा रहा है तो वह फंड मिसयूज न हो, उसके लिए सरकार की क्या योजना है? क्या स्टेट गवर्नमेंट और यूनियन टैरिटरी को भी आप शामिल कर रहे हैं या नहीं?

श्री अर्जुन मुंडा: अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को आपके माध्यम से सूचित करना चाहता हूं कि भारत सरकार का ट्राइबल मिनिस्ट्री ने जो कार्य योजना तैयार की है, उसमें सभी राज्यों और केन्द्र शासित राज्यों को पांचवीं और छठी अनुसूची के क्षेत्र में पूर्ण रूप से सम्मिलित करने की योजना बनाई है। उस कार्य योजना के तहत राज्यों को राज्यों के नेटवर्किंग सिस्टम से जोड़ने का प्रयास किया है। अभी कुछ दिन पहले जो छात्रवृत्ति आबंटन होती थी, उसे राज्यों के डेटा के साथ केन्द्र के पोर्टल से कनैक्ट कर दिया है। किसी भी राज्य से कोई भी छात्र सीधे ऐसी योजनाओं का लाभ ले, वह राज्य और केन्द्र को भी सूचना प्राप्त हो जाएगी। इस तरह से सभी योजनाओं के संदर्भ में राज्य सरकार के साथ मिल कर केन्द्र सरकार की एक वृहत योजना मान्यवर नरेन्द्र भाई मोदी

जी के नेतृत्व में चल रही है। पांचवीं और छठी अनुसूची के क्षेत्र जीआईएस मैपिंग के माध्यम से प्रत्येक गांव को पिन पाइंट कार्यक्रम को कार्य योजना के साथ सम्मिलित कर रहे हैं। सभी माननीय सदस्य उन सूचनाओं को प्राप्त कर सकते हैं।

माननीय अध्यक्ष: ऐसे सप्लीमेंटरी क्वेश्चन एलाउ नहीं है, लेकिन एलाऊ करता हूं।

(1105/SK/VR)

श्री पी.पी. चौधरी (पाली): माननीय अध्यक्ष जी, धन्यवाद। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, अपने आप में बहुत बड़ा नाम है।

माननीय अध्यक्ष: आप संक्षिप्त में पूछिए। पहले नंबर वाले माननीय सदस्य नहीं हैं, इसलिए आपको सप्लीमेंटरी प्रश्न अलाऊ किया है। देवजी ने आपके लिए लिखकर दिया है।

श्री पी.पी. चौधरी (पाली): एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, सैंट्रल स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और नवोदय विद्यालय की तर्ज पर हैं। ट्राइबल एरिया में इनके द्वारा क्वालिटी आफ एजुकेशन इम्पार्ट की जा रही है। 31 मार्च, 2017 तक करीब 260 विद्यालय सैंक्शन हुए हैं, इसमें से 161 फंक्शनल हैं। अन्य कब फंक्शनल होंगे? आर्टिकल 275 के तहत स्टेट गवर्नमेंट को ग्रांट दी जाती है। इसके साथ महत्वपूर्ण विषय रिव्यु और मॉनिटरिंग का है। इन विद्यालयों का रिव्यु और मॉनिटरिंग बहुत अच्छे तरीके से होना चाहिए। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं क्या इन विद्यालयों की रिव्यु और मॉनिटरिंग के लिए ई-गवर्नेंस को एक्सटैंड कर रहे हैं या नहीं?

ट्राइबल एरिया को 5वें शैड्यूल में रख दिया है। पाली लोक सभा स्कूल में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल नहीं है, इसे खुलवाने की मेहरबानी करें। धन्यवाद।

श्री अर्जुन मुण्डा: माननीय सदस्य ने बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा है। एकलव्य विद्यालय इससे पहले जो संचालित होते थे, राज्य सरकार को सीधे तौर पर आबंटित करने के बाद राज्य सरकार के माध्यम से ही एग्जीक्यूशन और चलाने का काम होता था। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस समय यह निर्णय हुआ है कि इसकी क्वालिटी और क्वांटिटी, दोनों को मॉनिटर करने के लिए

एकलव्य और नवोदय विद्यालय की तर्ज पर एक संगठन के माध्यम से संचालित हो, भारत सरकार के माध्यम से हो, इस संदर्भ में पूरी कार्य योजना तैयार हो गई है। कई बार ऐसा देखा गया है, खास करके कुछ प्रदेशों में कि इसका एग्जीक्यूशन बहुत डिलेड है। इसलिए इस तरह के निर्णय लेकर माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बृहद कार्य योजना के साथ ट्राइबल मिनिस्ट्री को यह दायित्व दिया है। हम इसे समय पर पूरा करेंगे।

माननीय सदस्य की जो चिंता अपने संसदीय क्षेत्र के लिए है, इसे निश्चित रूप से मंत्रालय देखेगा।

SHRI K. SHANMUGA SUNDARAM (POLLACHI): Hon. Speaker, Sir, in my constituency Pollachi, which falls in Tamil Nadu, approximately 10,000 tribal families are living in the Notified Forest Area. They do not have proper houses and are living in huts. I want to know from the hon. Minister whether the Ministry has any scheme to build houses for tribal families living in Notified Forest Area.

Sir, I have one more question to raise before the hon. Minister. It is because of the human-animal conflict that one or two deaths happen every week in Valparai station in my constituency. I want to know what steps the Ministry can take to stop the human-animal conflict. Thank you.

श्री अर्जुन मुण्डा: माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि अभी एक विषय एफआरए, फोरेस्ट राइट एक्ट के आधार पर वन्य क्षेत्र रहने वाले लोगों के बारे में चल रहा है। इसके ऊपर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता व्यक्त की है और भारत सरकार को भी बहुत अधिक चिंता है। इस पर लगातार बैठकें हो रही हैं कि इसके स्थायी समाधान क्या होंगे, कैसे होंगे? इस चिंता को लेकर हम बहुत जल्दी ही निर्णय पर पहुंचेंगे ताकि इन क्षेत्रों के विकास, जैसे शैक्षणिक

और स्वास्थ्य केंद्र जैसे मामलों का समाधान करते हुए वहां रहने वाले लोगों के सही तरीके से रहने के लिए समुचित व्यवस्था की जा सके।

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि देश में बहुत सी योजनाएं ट्राइबल डैवलपमेंट के लिए चल रही हैं और राज्य सरकार भी ट्राइबल लोगों के लिए अच्छा कार्य कर रही है। इनके लिए बहुत सी पुरानी योजनाएं भी हैं। क्या उनकी समीक्षा की जा सकती है या उनको ड्राप किया जा सकता है?

आज पूरे देश में कई राज्यों जैसे

महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में ट्राइबल बैल्ट में आदिवासियों के पास सिंचाई की सुविधा नहीं है।

(1110/MK/SAN)

इस पुरानी सिंचाई योजना को ड्राप करके इस फंड का उपयोग कर क्या सरकार सिंचाई हेतु कोई नई योजना बनाना चाहती है?

श्री अर्जुन मुंडा: अध्यक्ष महोदय, एक संस्था आई.टी.डी.ए (इंटिग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी) भारत सरकार के निर्देशन में राज्य सरकारों के माध्यम से बनाई गई थी, इसके द्वारा बहुत सारी जगहों पर इस तरह की योजनाएं ली गई थीं, इन योजनाओं के लिए स्पेशल मॉनिटरिंग सेल बनाया जा रही है ताकि यह पता चल सके कि जो योजनाएं ली गई हैं, उनकी वास्तविक स्थिति क्या है? इस बारे में जानकारी लेने के बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे।

(इति)

(प्रश्न 202 एवं 215)

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर): माननीय मंत्री जी, औद्योगिक श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम द्वारा नियंत्रित होती है, जिसमें बीमारी, मातृत्व लाभ, अस्थायी शारीरिक विकलांगता, आकस्मिक मृत्यु जैसे नुकसानों से श्रमिकों के हितों की रक्षा की जाती है। माननीय मंत्री जी, मैं देश के प्रधान मंत्री जी और आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि ये जो सुविधाएं देश में उपलब्ध हैं, इसमें लिए जाने वाले अंशदान को साढ़े छ: प्रतिशत से चार प्रतिशत किया गया है और सुविधाओं में सुधार करने का आपने जो संकल्प लिया है, उसके लिए विशेष धन्यवाद देता हूं।

माननीय मंत्री जी, मैं जानना चाहता हूं कि सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाने के लिए श्रमिकों और कर्मचारियों को पंजीकृत करने हेतु विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कृपया बताएं कि विशेष कार्यक्रम क्या हैं और क्या आप मौसमी कारखानों के श्रमिकों को भी अपनी इस शारीरिक और स्वास्थ्य की सुविधाओं से जोड़ने के लिए कोई कार्यक्रम लेंगे?

श्री संतोष कुमार गंगवार: माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदस्य महोदय को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने एक अच्छा प्रश्न किया है। यह बात सही है कि मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने ईएसआईसी में अंशदान में कुछ कटौती की है। मैं यहां पर बताना चाहूंगा कि अंशदान में कटौती करने से सुविधाओं में कोई कमी नहीं आएगी। हमारी सरकार ने आने के बाद इस दिशा में चिंता की है और वर्ष 2014-15 में ईएसआईसी के आई.पीज की संख्या जो 2.4 करोड़ के आस-पास थी, प्रधान मंत्री जी के विजन के बाद हमने इसको आगे बढ़ाया है और इस समय यह संख्या करीब 3.6 करोड़ से ऊपर हो गई है। ज्यादा-से-ज्यादा मजदूरों को इसका लाभ मिले, इसकी हम लोग चिंता करते हैं। ईएसआईसी की निर्णय लेने हेतु बनी कमेटी की 174 वीं बैठक में हमने यह निर्णय लिया कि हम इस काम को और आगे बढ़ाएंगे। ऑफिस कम डिसपेंसरी के हिसाब से ब्रांच ऑफिस दोनों इस दिशा में काम करेंगे। अब तक ईएसआईसी की योजना लगभग 541 जिलों में नोटिफाइड है और हमने कार्पोरेशन को 306 नए डीसीबीओ खोलने की अनुमति दी

है। हम जानते हैं कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि देश के सभी जिलों में यह योजना लागू हो, उसके हिसाब से हम मिलकर काम कर रहे हैं। इस संदर्भ में आप जो भी सुझाव देंगे, हम उस पर अमल करेंगे। पिछले दो वर्षों में ईएसआईसी में हमने जो काम किया है, उससे मजदूरों की संख्या में एक करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है और ईपीएफओ में भी एक करोड़ से अधिक की संख्या में वृद्धि हुई है। हम इस ड्राइव को निरंतर चलाने का काम कर रहे हैं।

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर): धन्यवाद माननीय मंत्री जी, आपने बहुत संतुष्टिपूर्वक उत्तर दिया है। मैं इसलिए भी आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि ईएसआईसी का एक अस्पताल लगभग 50-60 वर्ष पुराना मेरे अपने संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय में भी है। मैं यह जानना चाहता हूं कि जिलों में विस्तार करने के आपके जो संकल्प हैं, वे कितने समय में पूर्ण होंगे और मेरे संसदीय क्षेत्र में जो चिकित्सालय आपके विभाग द्वारा संचालित है, उसमें विकास और विस्तार से संबंधित एक प्रस्ताव आपके पास लंबित है, उसमें लंबे समय से सुविधाओं का विस्तार नहीं हुआ है

क्या माननीय मंत्री जी मेरे जिले के इस अस्पताल को विशेष सुविधाओं के रूप में चिह्नित करेंगे?

श्री संतोष कुमार गंगवार: मैं माननीय सदस्य जी के सुझाव से सहमत हूं पर मैं इतना बताना चाहूंगा कि ईएसआईसी मजदूरों के हितों को ध्यान में रखकर काम करती हैं।

(1115/YSH/RBN)

मैं यह भी सदस्यों के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि मजदूरों से जो पैसा कटता है, जिसकी हमने अभी कटौती की है, वास्तव में हमारे पास पैसा कम नहीं है। हम पूरे तरीके से पैसा इस्तेमाल कर रहे हैं और हमारे अधीन जो राज्य सरकारें काम करती हैं, हम उनको पैसा देते हैं, लेकिन मैं सभी सदस्यों के माध्यम से संज्ञान में लाना चाहूंगा कि 100 बिस्तरों के अस्पताल पर कम से कम 50 हजार IPs चाहिए और 150 पर एक लाख IPs चाहिए। हमने इस पर विचार करके 30 बिस्तर वाले भी अस्पताल खोलने का निर्णय लिया है, जिसमें 20 हजार IPs की संख्या चाहिए।

माननीय सदस्य जो कह रहे हैं, उनके अनुसार वहां पर जो आवश्यकता होगी, हम उसको पूरा करने का काम करेंगे और मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि जिन सांसद साथियों के यहां अगर मजदूरों की संख्या 20 हजार के आस-पास हैं, वे अगर हमें लिखकर देते हैं तो हम वहां पर 30 बिस्तरों का अस्पताल खोलने का काम करेंगे और सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम भी करेंगे।

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक (कोल्हापुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे पहली बार बोलने का मौका दिया। अध्यक्ष महोदय, एक तरफ ई.एस.आई.सी का दायरा सरकार बढ़ाना चाहती है, परन्तु मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय का ध्यान मेरे निर्वाचन क्षेत्र कोल्हापुर स्थित ई.एस.आई. अस्पताल की बदहाली और बदइंतजामी की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा। कोल्हापुर क्षेत्र में महाराष्ट्र में 100 बेड का ई.एस.आई. अस्पताल वर्ष 2000 में बनकर तैयार हुआ था। इस अस्पताल की स्थिति अब इतनी खराब है कि अभी तक इसमें कोई इंडोर सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस अस्पताल की मैम्बर संख्या तकरीबन एक लाख से ज्यादा है। लगभग 85 लाख का अनुदान प्रतिमास जमा होता है, जिसका फायदा उनके परिवारजनों सहित तकरीबन चार लाख लाभार्थियों को होना चाहिए। बीस साल बीत जाने के बाद भी एक चिकित्सक की तैनाती वहां हुई है, जबकि स्वीकृत चिकित्सक की संख्या 19 होनी चाहिए। उसमें से 9 स्पेशल चिकित्सक और 10 मेडिकल अफसर यहां भरे नहीं है। 205 स्वीकृत कर्मचारियों से सिर्फ 18 पद ही अभी तक भरे गए हैं। एक्सरे, एम.आर.आई. आदि जांचों की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं है। अगर कोई इंडोर पेशेन्ट आ जाता है तो उसको प्राइवेट अस्पताल भेज दिया जाता है। मरीजों को दवाइयों की दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। हर वार्ड का बाहर से ताला लगाया हुआ है, जिससे परिंदों और चमगादड़ों का वह घर बन चुका है।

मैं मंत्री महोदय से आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि इस अस्पताल की दुर्दशा को सुधारने के लिए तथा जिले के ई.एस.आई. कर्मचारी व उनके परिवार की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है?

माननीय अध्यक्ष: मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करना चाहता हूँ कि आप सभी की सहमति हो तो, हमें सवालों को संक्षिप्त में पूछना चाहिए। चमगादड़ वगैरह कहकर इतना लंबा करने की आवश्यकता नहीं है। यह संसद का सदन है। जो सुविधाओं का अभाव है, उसके बारे में पूछें।

श्री संतोष कुमार गंगवार (बरेली): माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो चिंता व्यक्त की है हम उस पर कुछ विपरीत नहीं बोलेंगे। हम किसी अधिकारी को अगले 15 दिन में अस्पताल में भेजेंगे, वह उनसे सम्पर्क करेगा और जो भी आवश्यकता होगी उसको हम पूरा करने का काम करेंगे।

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Mr. Speaker, Sir, thank you for clubbing the Questions because of which I got an opportunity.

Two things are not clear. The Minister of Labour is the Chairman of the ESI Corporation. They have reduced the employers' contribution from 4.75 to 3.25 per cent. They have reduced the employees' contribution also. All trade unions oppose this reduction of employers' contribution.

The ESI is a good scheme for the workers. It is good that it is being extended. But different companies owe crores of rupees to the ESI as dues. The jute mills in my area owe about Rs. 100 crores to the ESI. Also, the ESI hospitals are not running properly as was mentioned by the Member who spoke earlier.

May I ask the hon. Minister, through you, the reason for reducing employers' contribution.

(1120/SM/RPS)

Is it to give relief to the capitalists and big industry owners? What is the Ministry doing to recover the ESI dues from the default companies? I would like to know whether he will set up a committee to look into the state of affairs

in the ESI hospital in my constituency at Kamarhati. It is in doldrums. Will the Minister appoint a committee to look into the affairs of the ESI hospitals?

श्री संतोष कुमार गंगवार: सर, माननीय सदस्य ने सही कहा है कि ड्यूज क्यों कम किए गए, लेकिन शायद माननीय सदस्य की जानकरी में है कि ईएसआई के पास इस समय जितना पैसा है, वह ठीक है। हमारे पास बैलेंस धनराशि 75,000 करोड़ रुपये है। …(व्यवधान) इसलिए हम लोगों ने जो कमी की है, पहले एम्प्लायर 4.75 प्रतिशत पैसा देता था, उसे हमने कम करके 3.25 प्रतिशत किया है, यानी इसे हमने 31 प्रतिशत कम किया है। कर्मचारियों का अंशदान भी हमने कम किया है, इसे 1.75 प्रतिशत से कम करके .75 प्रतिशत किया गया है, अर्थात 57 प्रतिशत कमी की गई है। …(व्यवधान) इसके साथ मैं यह बताना चाहता हूं कि मजदूरों की सुविधाओं में कमी नहीं होगी। हम इनके लिए अस्पतालों की संख्या बढ़ा रहे हैं। माननीय सदस्य ने जो चिन्ता व्यक्त की है, मैं इस सन्दर्भ में जानकारी लूंगा। आपने बकाया धनराशि की जो बात कही है, हम उसकी जानकारी लेकर आपको बाद में अवगत कराएंगे। …(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दमदम): मंत्री जी, आज आपको तैयार होकर आना चाहिए था। …(व्यवधान)

SHRI G. SELVAM (KANCHEEPURAM): I am very much grateful to the Hon. Speaker for giving me a chance. Firstly, I must thank our party leader, Thalapathy, Mr. M.K. Stalin.

Sir, I would like to know whether the Government proposes to reduce employee's as well as employer's contribution to Employees State Insurance Scheme by amending the ESI Act, 1948. If, so, the details thereof and the reasons therefor along with the objectives behind the move including the proposal in this regard.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए। माननीय मंत्री जी ने आपका पूरा प्रश्न सुना है और वे जवाब दे रहे हैं।

श्री संतोष कुमार गंगवार: सर, हमने धन में जो कमी की है, वह रीज़नेबल है। इसमें किसी को शिकायत नहीं है, सब इससे संतुष्ट हैं। अगर आपको कोई अन्य सुझाव देना है तो मुझे दे सकते हैं।...(व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, in my constituency, Kollam, Asramam ESI Super Speciality Hospital is the nations' number one hospital, having the highest rate of occupancy among the ESI hospitals. Cashew workers were entitled to get the super speciality treatment.

Unfortunately, after the NDA Government has come to power, an amendment has been brought in. According to the amendment, those who are entitled to super speciality treatment, should have 78 days of attendance before the date of the diagnosis of the disease.

Cashew workers, coir workers, plantation workers and most of the downtrodden people in the country are now denied the right to have super speciality treatment.

The first part of my supplementary question to the Hon. Labour Minister is this. Will the Minister take care to reduce the number of days of attendance of the workers so that they will be entitled to get super speciality medical treatment?

The second of my supplementary question is whether the autorickshaw drivers, unorganised workers will also be included within the ambit of the ESI and ESI benefit will be provided or extended to the unorganised workers including autorickshaw drivers.

श्री संतोष कुमार गंगवार: सर, माननीय सदस्य लेबर के मामलों के बहुत अच्छे जानकार हैं। इनसे हमारा वार्तालाप लगातार होता रहता है। अब सुपरस्पेशियल्टी ट्रीटमेंट के मामले में जितनी सर्विस की जरूरत होती है, उसे स्वयं हम लोगों ने कम करने का काम किया है। अब आई.पी.ज के लिए 78 दिनों के कंट्रीब्यूशन और छ: महीने की सर्विस की बात रह गई है।

(1125/RAJ/AK)

फैमिली के लिए एक साल और 156 दिन का कंट्रीब्यूशन रह गया है जो पहले डबल था। इसके बाद भी कोई समस्या होगी तो हम उसका समाधान करने का काम करेंगे। आपने जो ऑटो ड्राइवर्स के लिए कहा है, अगर वे हमारी परिधि में आ जाते हैं, तो उनको पूरी सहायता मिलेगी। मैं इतना ही कह सकता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री के. सुरेश, उपस्थित नही।

माननीय सदस्य सप्लिमेंट्री ले कर चले गए। मैं माननीय सदस्य से आग्रह करूंगा कि अब इस वीक इनकी सप्लिमेंट्री नहीं जाएगी।

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : यह सभी के लिए लागू रहेगा।

(इति)

(प्रश्न 203 एवं 218)

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में 53 करोड़ श्रमिक ऑर्गनाइज्ड और अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर्स में काम करते हैं, जिनकी वजह से यह देश आगे बढ़ रहा है। मैं सभी को प्रणाम करता हूं। हमारे पिछले कार्यकाल में, मोदी सरकार में 1500 ऐसे कानून थे, जिनकी आज के दिन हमें जरूरत नहीं थी। …(व्यवधान) सौगत जी, अभी मैं आपके बारे में बोलता हूं, आप रुक जाइए।

ऐसे 1500 कानून थे, जिनकी आज के दिन जरूरत नहीं थी। ऐसे कानूनों को खत्म किया, उनकी वजह से 'ईज ऑफ डूइंग' में हमारा देश, आज 77 रैंक हासिल कर पाया है। ऐसे 44 कानून थे, जिनको वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में कहा है कि उन्होंने उनको चार कोड्स में डाल दिया है - the Code on Wages, the Code on Industrial Relations, the Code on Health, and the Code on Social Security.

मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे 17 कानून थे, जो आज भी इस देश में 50 साल पुराने हैं और ऐसे पांच कानून हैं जो आज भी 70 साल पुराने हैं। मेरा मंत्री जी से यह सवाल है कि ये सारे कानूनों में बदलाव लाने के बाद, आज भी जो एमएसएमई सेक्टर है, जो लघु उद्योग है, अगर उसमें कहीं 100 कर्मचारी काम करते हैं तो जो एम्प्लॉयर्स हैं, वे उनको शो नहीं करते हैं। क्योंकि उनको 10 के बाद ईएसआई देना पड़ता है और 20 के बाद पीएफ देना पड़ता है। जब वे उनको शो नहीं करते तो अगर कोई एम्प्लॉई अच्छा काम नहीं कर रहा है, तो वे उसको निकाल नहीं सकते हैं। हमारे कानून बहुत सख्त हैं और उसको अपना एम्प्लॉई शेयर देना पड़ता है। जब वे शो नहीं करते हैं तो हमें उसका नुकसान देखने को मिलता है कि जब पीएफ डिपार्टमेंट के लोग छापा मारने जाते हैं तो वहां पर भ्रष्टाचार बढ़ता है। क्योंकि वे सारे एम्प्लॉइज ऑर्गनाइज्ड सेक्टर में नहीं आ पाते हैं, इसलिए उनको सोशल सिक्योरिटी का फायदा नहीं मिल सकता है। विपक्ष के लोग चिल्लाते रहते हैं कि एम्प्लाइमेंट नहीं बढ़ रही है, वह एम्प्लाइमेंट डाटा में भी रिकॉर्ड नहीं होता है। इसलिए हमारी सरकार ऐसे क्या कदम उठा रही है कि वे सारे श्रमिक जिनको एम्प्लॉयर्स शो नहीं कर रहे हैं, क्या

कुछ एम्प्लॉयर्स को इन्सेन्टिव देंगे या क्या ऐसे कदम उठाए जाएंगे कि वे 100 प्रतिशत जो लेबर अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर में काम कर रहे हैं, वे रिकॉर्ड में आ जाएं?

श्री संतोष कुमार गंगवार : सर, माननीय सदस्य जी ने ठीक बात कही है। इस समय 44 श्रम कानूनों को चार कोड्स में परिवर्तित किया जा रहा है। पहला कोड, 'मिनिमम वेजेज ऐक्ट' को 3 तारीख को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। वह शीघ्र ही अगले सप्ताह सदन में आएगा।

माननीय सदस्य जो बता रहे हैं, वास्तव में इस दिशा में हमारी सरकार पूरी तरह से सक्रिय है और हम लोग उन मजदूरों की चिंता कर रहे हैं। प्रधान मंत्री जी ने एक योजना चलाई है, उसके तहत अब एम्प्लॉयर्स का 12 प्रतिशत अंश भारत सरकार दे रही है और इस कारण ईएसआई और प्रोविडेंट फंड में एक-एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि भी हुई है, जो इस बात को प्रदर्शित करता है कि हमारी सरकार इस मामले में कितनी ज्यादा सक्रिय है।

(1130/IND/SPR)

हम इसमें और भी काम कर रहे हैं। हमने पिछले पांच वर्षों में महत्वपूर्ण विधायी संशोधन भी किए हैं, जैसे वेतन सीमा बोनस की पात्रता 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये कर दी है और आवश्यक संशोधन करके बैंक एकाउंट में सीधे पैसे जमा होता है और लाभार्थी को दिया जाता है। मैटरनिटी लीव को भी 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया है। 14 साल तक के बच्चों के लिए बाल श्रम पूरी तरह से प्रतिबंधित किया है। इसके साथ-साथ ग्रेच्यूटी की सीमा भी 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की है। न्यूनतम मजदूरी में पिछले पांच वर्षों में करीब 42 परसेंट की वृद्धि हुई है। इसके हिसाब से हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा कोई स्पेसिफिक बात माननीय सदस्य चाहेंगे, तो हम बताने का काम करेंगे।

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली): अध्यक्ष जी, हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसके पास अपना घर हो। हमारे प्रधान मंत्री जी की योजना 'Housing for All' है। उसके तहत वर्ष 2022 तक इस देश के हर व्यक्ति को, हर श्रमिक को चाहे वह आर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करता है या अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करता है, ऐसे 53 करोड़ श्रमिकों को उनका घर मिले, ऐसी

हमारी सरकार की योजना है। अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर के लिए बहुत सारी स्कीम्स आई हैं जैसे आयुष्मान भारत योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन योजना आदि। आर्गेनाइज्ड सैक्टर में साढ़े सात करोड़ लोग काम कर रहे हैं, उन सब को भी अपना मकान मिले। जब हमारी वाजपेयी जी की सरकार थी, तब वर्ष 2003 में एक स्कीम आई थी। उसका पायलट प्रोजेक्ट उस समय के श्रम मंत्री डॉ. साहिब सिंह वर्मा जी ने शुरू किया था कि सारे आर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करने वाले लोगों को उनका मकान मिले।

माननीय अध्यक्ष : साहिब सिंह वर्मा जी ने इस सैक्टर में बहुत अच्छा काम किया था, निश्चित रूप से उन्हें याद करना चाहिए।

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली): अध्यक्ष जी, उस योजना में बहुत सारे लोगों को मकान दिए भी गए थे। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो लोग आर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम कर रहे हैं और वे अपना प्रोविडेंट फंड जमा कराते हैं, क्या उनके लिए हम कोई हाउसिंग स्कीम लेकर आएंगे, ताकि उनके प्रोविडेंट फंड का जो इंटरेस्ट है, वह सीधे उनके मकान की किस्त में चला जाए और उनकी सैलरी का जो बहुत बड़ा हिस्सा उसके मकान के किराये में जाता है, वह उस किराये से बचें। जो मकान आज 30 लाख रुपये का या 40 लाख रुपये का है, जब वह व्यक्ति आज से 40 साल बाद रिटायर होगा, उस समय उस मकान की कीमत दो करोड़ रुपये के करीब हो जाएगी। आज यदि सरकार उसे मकान दे, इसमें सरकार का एक भी रुपया खर्च नहीं होगा, सारा पैसा एम्प्लाई का है, सारा पैसा एम्प्लायर्स का है, जो पीएफ में जमा हो रहा है। व्यक्ति को मकान मिलेगा, उनके पीएफ का जो ब्याज है, उससे उनके मकान की किस्त चली जाएगी।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वर्ष 2003 की स्कीम का क्या हुआ और क्या आर्गेनाइज्ड सैक्टर के लिए, जैसे सिंगापुर में जो भी श्रमिक है, हर श्रमिक को सरकार ने अपना मकान दिया है और वहां 86 परसेंट लोग सरकारी मकान में रहते हैं।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप चिंता मत कीजिए, सिंगापुर से अच्छी सरकार अपनी चल रही है।

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली): अध्यक्ष जी, वह दिन कब आएगा, जब आर्गेनाइज्ड सैक्टर में रहने वाले साढ़े सात करोड़ लोगों को अपना मकान मिलेगा? क्या ऐसी कोई योजना पर सरकार काम कर रही है?

सौगत राय जी के लिए मैं कहना चाहता हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सौगत राय जी के लिए टिप्पणी मत कीजिए। आप आसन के माध्यम से सवाल पूछें।

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली): अध्यक्ष जी, यह बात इसी से संबंधित है। जब उन्होंने एम्प्लायर के कंट्रीब्यूशन कम होने की बात कही, तो उन्हें यह भी कहना चाहिए कि एम्प्लायी का कंट्रीब्यूशन भी कम हुआ है। यदि वे सरकार के बारे में दो शब्द अच्छे बोलेंगे, तो उनका खाना भी पच जाएगा।...(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं आपको बधाई दे दूं। आप जितना गरिमापूर्ण इस सदन को चला रहे हैं, ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रधान मंत्री मोदी जी अगले बीस साल तक आपको स्पीकर बनाए रखें।

श्री संतोष कुमार गंगवार : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य का सुझाव अच्छा है। हम इसे जरूर एग्जामिन करेंगे और यह भी बताएंगे कि इसमें हम क्या कर सकते हैं। मैं बताना चाहूंगा कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि वर्ष 2022 तक देश में सभी को छत मिलेगी। मुझे लगता है कि यह शिकायत का मौका नहीं रहेगा और वास्तव में वर्ष 2022 के बाद कोई भी ऐसा परिवार नहीं रहेगा, जिसके पास छत न हो। हम माननीय सदस्य के सुझाव को एग्जामिन करेंगे और जो भी बात होगी, उसे निस्तारित करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 203 और 218 को क्लब कर रहे हैं।

श्री राजा अमरेश्वर नाईक – उपस्थित नहीं।

(1135/UB/VB)

SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI (THOOTHUKKUDI): Sir, in the reply, the hon. Minister said that there is a pension scheme for the unorganised sector workers, shopkeepers, retails traders and farmers.

I would like the hon. Minister to explain how he proposes to identify these unorganised workers. Is there any scheme to enrol them? So far, there is no scheme. What is the basis on which the retail traders and farmers will be enrolled? I want to know whether the farmers will be land-owning farmers or people who are working in the farms. I would also like to know whether street vendors will also be included in this scheme.

श्री संतोष कुमार गंगवार: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य महोदया को बताना चाहूँगा कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने एक महत्त्वपूर्ण योजना लागू की है और इस योजना के तहत वे सभी व्यापारी, जिनका व्यापार डेढ़ करोड़ रुपये वार्षिक से कम है, वे सभी इस योजना के अतंर्गत आएंगे, जो आयकर नहीं देते होंगे, उनकी आयु 60 वर्ष होने के बाद उनको तीन हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। इसके लिए उनको केवल 50 रुपये प्रतिमाह जमा करना होगा। आयु के हिसाब से यह राशि बढ़ेगी। मुझे लगता है कि इस योजना को लोग पसंद कर रहे हैं। अभी कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन अब तक 30 लाख लोग इस योजना से जुड़ चुके हैं।

मैं माननीय सदस्य महोदया को बताना चाहूँगा कि अगर आप इसमें कोई भी सुझाव देंगी, तो हम उसे निश्चित रूप से शामिल करेंगे और उसे पूरा करने का काम करेंगे।

(इति)

(प्रश्न 204 एवं 207)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य पहली बार सदन में चुनकर आए हैं।

श्री रेबती त्रीपुरा (त्रिपुरा पूर्व): माननीय अध्यक्ष जी, हम सभी जानते हैं कि पर्यटन के क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों का एक बहुत बड़ा रोल रहा है। मेरा मंत्री जी से यह प्रश्न है कि त्रिपुरा में भी ऐसे बहुत-से पर्यटन क्षेत्र हैं, जैसे उनाकोटी और त्रिपुरा सुन्दरी मन्दिर हैं। इसके अलावा, बहुत-से मन्दिर-मस्जिद हैं।

ऐसे धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों के डेवलपमेंट के लिए क्या सरकार की कोई योजना है?

श्री प्रहलाद सिंह पटेल: माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य का धन्यवाद करता हूँ और उनका अभिनन्दन करता हूँ, वे पहली बार प्रश्न पूछ रहे हैं। उन्होंने प्रश्न भी बहुत अच्छा पूछा है, जो नॉर्थ-ईस्ट के बारे में है। उन्होंने स्पेसिफिक त्रिपुरा के बारे में प्रश्न पूछा है।

वर्ष 2015-16 में अगरतला, सिपाही जिला, जिसकी बात वे कर रहे हैं, मेलाघर, उदयपुर, अमरपुर और तीर्थ स्थलों में मन्दिर घाट, जम्बूर, नरकेलगंज, घनचेरा, अम्बासा और पूर्वोत्तर पर्वत का विकास के लिए 99.50 करोड़ रुपये आबंटित हुए थे, जिनमें से 74.15 करोड़ रुपये रिलीज हो गये हैं।

वर्ष 2018-19 में, त्रिपुरा में सूरमाचेरी, उनाकोटी, जमई हिल्स, कनावती, भुवनेश्वरी, मातावारी, नीर महल, छोटा कोला और पिलख अवग्नचरा के विकास के लिए 65 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं। इसके लिए राज्य सरकार की डीपीआर का इंतजार हो रहा है। जैसे ही यह आ जाएगा, हम पैसे रिलीज कर देंगे।

श्री रेबती त्रीपुरा (त्रिपुरा पूर्व): सर, मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि अभी स्टेट गवर्नमेंट टूरिज्म को इम्पॉर्टेंस देकर काम कर रही है। जैसा कि अभी मंत्री जी ने बताया कि उन्होंने फण्ड रिलीज करना शुरू कर दिया है। मेरा प्रश्न यह है कि नॉर्थ-ईस्ट में जितने भी पर्यटन क्षेत्र हैं, उनके विकास के लिए क्या कोई नई योजना है?

(1140/PC/KMR)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : अध्यक्ष जी, जैसा कि मैंने आपके माध्यम से बताया कि अभी बकायदा त्रिपुरा की दूसरी योजना प्रस्तावित है। जैसे ही राज्य सरकार हमको प्रस्ताव देगी, हम उसके लिए पैसा रिलीज़ कर देंगे। हमने अपनी तरफ से 65 करोड़ रुपये आबंटित किए हैं।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन और माननीय सदस्य को यह जानकारी देना चाहता हूं कि जो मेले लगते हैं, उन मेलों को भी वर्ष 2016-17 में लगाया गया था। राज्य सरकार से हमारे पास कोई प्रस्ताव आएगा, तो हम उन मेलों को लगा सकते हैं। त्रिपुर सुंदरी मंदिर को भी इस सर्किट में रखा गया है, वह प्रसाद योजना में है। हमारे पास उसका भी प्रस्ताव आया है। जब उसका डीपीआर बनेगा, तब हम उस पर भी काम करेंगे।

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि नए सदस्यों पर आपका आर्शीवाद बराबर है। मैं माननीय मंत्री जी को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस देश के 25 राज्यों के 41 धार्मिक स्थलों पर पर्यटन के क्षेत्र में अपनी तमाम योजनाएं देकर इस देश का विकास कर के इस देश का पूरी दुनिया में मान बढ़ाने में विशेष योगदान दिया है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से प्रश्न करना चाहूंगा। कुशीनगर लोक सभा वह क्षेत्र है, जो इस देश के आखिरी छोर, नेपाल सीमा से लगा हुआ है। वहां केवल बौद्ध सर्किट एरिया नहीं, बल्कि तमाम पौराणिक और धार्मिक स्थल हैं, मसलन पथलेश्वर नाथ मंदिर, जिसके बारे में बताते हैं कि हज़ारों वर्ष पहले धरती माता की गोद से उत्पन्न हुए। इस देश में शायद सूर्य मंदिर बहुत कम हैं, शायद दो-चार ही हों। तुर्कपट्टी में सूर्य मंदिर है, बघई शक्ति धाम है। ये हज़ारों वर्षों का अपना पौराणिक इतिहास लिए हुए हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, कुल मिलाकर इतिहास के पन्नों पर कुशीनगर का नाम तो अंकित है, लेकिन तमाम बौद्ध सर्किट एरिया और धार्मिक स्थल होते हुए भी इसका देश, प्रदेश और दुनिया में कहीं भी नाम नहीं है, तो उसका एक ही कारण है। 60 वर्षों से जिन लोगों ने इस देश का नेतृत्व किया, वे कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के इस पयर्टक स्थल या बौद्ध सर्किट एरिया का महत्व नहीं

समझ सके। ...(व्यवधान) भला हो इस देश की जनता का जिसने माननीय नरेन्द्र मोदी जी को दोबारा प्रधान मंत्री बनाया। ...(व्यवधान) उन्होंने इस क्षेत्र की महत्ता को समझकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देने का कार्य किया। ...(व्यवधान) मैं अपने यशस्वी लोकप्रिय मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथजी महाराज को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने लोक सभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश को मात्र तीन मेडिकल कॉलेज दिए, जिसमें से एक मेडिकल कॉलेज कुशीनगर जनपद को देने का कार्य उन्होंने किया है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री जी से मेरा प्रश्न है कि जिस क्षेत्र की महत्ता को समझकर माननीय प्रधान मंत्री जी और हमारे यशस्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथजी महाराज ने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और मेडिकल कॉलेज देकर इस क्षेत्र के धार्मिक स्थल और बौद्ध सर्किट एरिया के विकास को आगे ले जाने का लक्ष्य बनाया है, क्या माननीय मंत्री जी इस लक्ष्य को सार्थक रूप देने में अपने पयर्टन क्षेत्र का विशेष योगदान इस कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के लिए करेंगे? यदि करेंगे, तो कब तक करेंगे? मेरा दूसरा प्रश्न है ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज़ अब आप बैठ जाइए।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, हमारे माननीय सदस्य नये हैं। वे पहली बार संसद में आए हैं। इनको धीरे-धीरे अनुभव हो जाएगा।

माननीय मंत्री जी, आप उत्तर दीजिए।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : आप वरिष्ठ सदस्य बैठे-बैठे बोल रहे हैं, क्या यह उचित है?

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : अध्यक्ष जी, धन्यवाद। मैं हमारे माननीय सदस्य का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं, उन्होंने पहली बार प्रश्न पूछा है। मैं वास्तव में पहले उनकी बात का जवाब दे दूं कि वर्ष 2016-17 में बौद्ध परिपथ के लिए 99.97 करोड़ रुपये, यानी लगभग 100 करोड़ रुपये आबंटित

हुए थे, जिसमें से हमने 45 करोड़ रुपये दिए हैं। इसलिए माननीय सदस्य इस बात से सहमत होंगे कि वहां तेज गति से काम चल रहा है और वह समय सीमा के भीतर पूरा होगा।

अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा है कि क्या कोई धार्मिक परिपथ बनाया जाएगा। मैं आपके माध्यम से इस सदन और सदस्य महोदय से कहना चाहता हूं कि अभी आध्यात्मिक परिपथ है, रामायण परिपथ है, कृष्णा परिपथ है, बौद्ध परिपथ है, तीर्थंकर परिपथ है और एक नया सूफी परिपथ भी मंत्रालय ने लिया है।

(1145/SPS/SNT)

जितने सारे सांस्कृतिक क्षेत्र और जितने भी तरीके हो सकते हैं, इसमें उन सब को शामिल किया गया है। जहां तक उन्होंने सवाल के साथ ही अपनी बात में यह कह भी दिया है। प्रसाद योजना के तहत उत्तर प्रदेश में पांच योजनाएं चल रही हैं, जो कि धार्मिक तीर्थ स्थल हैं। प्रसाद योजना के तहत हमारा मंत्रालय उसमें मदद करता है। जो भी प्रस्ताव राज्य सरकार से हमारे पास आएंगे, हम उनको पूरा करेंगे और समय के साथ पूरा करेंगे।

श्री विजय कुमार दूबे (कुशीनगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री जी से एक प्रश्न पूछना चाहता हूं और उनसे कुछ जानना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज आप बैठ जाइए। आपको एक बार मौका दे दिया गया है।

SHRI MANISH TEWARI (ANANDPUR SAHIB): Hon. Speaker, Sir, if you peruse the answer which has been given by the hon. Minister, he has essentially divided tourism into two categories – circuits and destinations. Each of these destinations has the potential of becoming a circuit on its own. The question which I would like to ask the hon. Minister is this. What is the reasonable basis of classification of tourism destinations into circuits and destinations, and does it not constitute a non-optimisation of the use of resource for the promotion of tourism?

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को अवगत कराना चाहता हूं और शायद उनको जानकारी भी होगी कि यूनेस्को ने कल ही जयपुर को वर्ल्ड हैरीटेज सिटी के तौर पर घोषित किया है। मुझे लगता है कि जब हम यह प्रश्न पूछते हैं तो हम को यह तय करना होता है कि पिछले पांच वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में जब सर्किट की कल्पना की गई तो मैं मानता हूं कि उससे अच्छा माध्यम नहीं हो सकता है। क्योंकि उसमें जो बात कही गई है कि राज्य केन्द्र के साथ मिलकर अपनी रिक्तता को पूरा करने का काम करेंगे। जिन स्थानों की बात कही है, जो मैंने स्थान बताए हैं और इस सर्किट के अलावा जो स्थान चिह्नित किए हैं, आप भी जानते हैं कि उनके लिए राज्यों के प्रतिनिधित्व की जरूरत है। राज्य जब कभी कोई मांग करता है, वह सर्किट से दूर है, उसकी दूरी ज्यादा है तो उसके दूर होने के कारण उस एरिया को हम आइडेण्टिफाई करते हैं कि यह हमारा स्थल है। मुझे लगता है कि सर्किट के बीच में भी वह आ सकता है। अगर राज्य सरकार चाहे तो उस को कनैक्ट करके अपनी सुविधाओं को बढ़ा सकती है। यही प्रसाद योजना का कारण है। हमारी दो योजनाएं हैं, एक प्रसाद योजना है और दूसरी स्वदेश दर्शन योजना है। हमने स्वदेश दर्शन योजना में सर्किट को लिया है। वे जैसी बात स्थलों की कर रहे हैं और प्रसाद योजना में यदि राज्य सरकार ऐसा कोई प्रस्ताव देती है तो हम उसको करते हैं।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Sir, in the reply, some circuits have been announced which cover Spiritual Circuit, Ramayana Circuit, Krishna Circuit, Buddhist Circuit, Tirthankar Circuit and Sufi Circuit. When I was the Chairman of the Railway Standing Committee, I placed and submitted a Report to the House. It consists of tourism promotion and pilgrim circuit, where we very broadly discussed this issue in particular. My question is whether the Government intends to induct Jyotirling Circuit, Jain Circuit, Christian circuit, Famous Temple Circuit and Sikh Circuit in the list to establish more religious tourism circuits.

Tourism is connected broadly with the Railway Ministry. If Railways do not extend their support, the tourism proposals cannot be fulfilled. So, my question is, whether the Minister of Tourism can make a coordinate with them and set up a committee to formulate and see that these proposals are implemented quickly. If necessary, I can give the Report to the hon. Minister. He can go through my Report.

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सुदीप जी सदन के काफी वरिष्ठ सदस्य हैं और मैं उनका सम्मान भी करता हूं।

(1150/KDS/GM)

उनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि कहीं न कहीं फिर भी अभाव रह जाता है। हमारे यहां 15 सर्किट हैं। बौद्ध सर्किट, तटीय सर्किट, जो समुद्र के किनारे हैं, डेजर्ट, इको परिपथ, विरासत, हिमालय, कृष्णा परिपथ, व उत्तर पूर्व नार्थ-ईस्ट एक अलग से परिपथ है। एक ग्रामीण परिपथ है, जो बिहार में गांधी जी की डांडी यात्रा को मिलाकर बना है। इसके अतिरिक्त आध्यात्मिक परिपथ, सूफी परिपथ, तीर्थंकर परिपथ, जनजातीय परिपथ और वन्य जीव परिपथ हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, ये जो 15 सर्किट हैं, जितने भी हमारे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र हैं, उनसे अलग हैं। मैंने अपने जवाब में यह बात भी कही थी। ज्योतिर्लिंगों की जो बात वह कर रहे हैं, जो भी हमारे पुरातन या प्राचीन धार्मिक प्रतिष्ठान हैं, जिनकी आयु के बारे में माना जाता है कि वे दुनिया में शीर्ष स्थानों पर हैं, उनके लिए हमने 'प्रसाद योजना' के तहत प्रावधान किया है। लेकिन जब राज्य सरकार हमसे कहती है, तब हम उसमें मदद करते हैं। जहां तक हमारी विरासतों का सवाल है, जो भारतीय संस्कृति से जुड़ी हुई हैं, उन सबको इसमें शामिल किया गया है।

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): रेल के साथ को-ऑर्डिनेशन के बारे में क्या कहेंगे?

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : माननीय अध्यक्ष जी, हम रेल और सड़क, दोनों के साथ को-ऑर्डिनेशन करते हैं। जब हम कहते हैं कि बीच के गैप को फुलफिल करना है, तो न केवल रेल मंत्रालय, बल्कि सभी मंत्रालयों जैसे रेल, सड़क परिवहन, विदेश मंत्रालय, और भी जो हमारे विभाग होते हैं, उन सबसे हम को-ऑर्डिनेशन करते हैं और मैं यह बात मानता हूं कि समन्वय जरूरी है।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न 207 माननीय श्री राजीव प्रताप रूडी जी का है। उसको इनकी सहमति से क्लब करें।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): महोदय, मैं इसमें सप्लीमेंट्री नहीं लूंगा, क्योंकि आपने मुझे एक प्रश्न के बाद इसकी अनुमति दी है। यह इको टूरिज्म से संबंधित है। इसकी जो परिभाषा वर्ष 2002 की पॉलिसी में दी हुई है, वह संदर्भित है कि – 'Interface between Tourism and Nature.' फिर से उसे हिंदी में दोहराता हूं- 'पर्यटन और पर्यावरण के बीच में'। महोदय, इस प्रश्न में आपने जो उत्तर दिया है, मुझे लगता है कि बिहार के लोगों के लिए इको टूरिज्म नहीं है, क्योंकि मैंने जो प्रश्न किया था कि पूरे बिहार में पर्यटन के दृष्टिकोण से इको टूरिज्म में आपके पास प्रस्ताव है कि नहीं?, तो पूरे पत्र का आपने उत्तर तो दिया है, लेकिन बिहार में पर्यटन के नाम पर एक भी इको टूरिज्म नहीं है। इसे आपने संचिका में स्वयं देखा होगा।

महोदय, दुनिया भर में प्रसिद्ध डॉल्फिन, जिसे हम बिहार में 'सोस' कहते हैं। यह गंडक, घाघरा और गंगा में पाई जाती है। भारत में एक ही जिला सारण है, जो गंडक, घाघरा और गंगा के बीच में स्थित है। यह चिल्का झील में भी पाई जाती है। डॉल्फिन्स की संख्या 1500 है, जिसे देखने हम आर्मेनिया जाते हैं, बहरीन जाते हैं, जॉर्जिया जाते हैं, इंडोनेशिया जाते हैं, इज़रायल जाते हैं। Dolphins are endangered species और वहां पर इसी कोने में गज-ग्राह है, गंडक है, घाघरा है। मुझे यह समझ नहीं आता है कि जब मैंने पहली बार मंत्री जी से प्रश्न किया था, तो उन्होंने कहा था कि सर्किट बनाना जरूरी है। तब तो मुझे पता ही नहीं था कि इको टूरिज्म के लिए भी भारत में पैसा जाता है। आज मैंने प्रश्न के उत्तर में देखा कि भारत में अभी तक लगभग 500 करोड़ रुपये आठ राज्यों में गए हैं और मैं निरंतर सरकार से संवाद कायम करता रहा हूं कि इको टूरिज्म या जो

भी परिभाषा आप देना चाहें, बिहार में इको टूरिज्म के नाम पर आज तक एक भी रुपया नहीं गया है। यह कोई आरोप नहीं है।

महोदय, मैंने इसका केवल उदाहरण दिया है। डॉल्फिन जो एंडेंजर्ड स्पीशीज़ है, उसी कोने में पाई जाती है, वह भी टूरिज्म केन्द्र है। सोनपुर मेला भारत का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता था। माननीय मंत्री जी ने 1 तारीख को इसी सदन में उत्तर दिया था, जिसे मैं दिखवा लूंगा। मैं इस प्रकार की संचिकाओं को लेकर पूरे भारत में पिछले तीन सालों से घूम रहा हूं, लेकिन मुझे समझ में नहीं आता है कि भारत सरकार के किस कार्यालय में जाकर ये संचिकाएं विलीन हो जाती हैं? 9 मार्च, 2018 को इसी प्रस्ताव को मैंने भारत सरकार को दिया था। जब भी मैं सरकार के मंत्रियों के अधिकारियों के पास जाता हूं तो हमेशा एक नया पन्ना खोलकर नया कानून बता देते हैं कि बिहार सरकार का यह प्रस्ताव भारत सरकार में लंबित है। इसका जो नाम बदलना हो, आप बदल दें। मैं इसे पटल पर रखना चाहूंगा। इसको आप इको टूरिज्म कर दें, रिलीजियस टूरिज्म कर दें या चाहे जो टूरिज्म कर दें, लेकिन बिहार के खाते में जो भी पैसा टूरिज्म के नाम पर जाना हो, वह जाना चाहिए। यदि एक मद इको टूरिज्म है, तो महोदय, मेरा आपसे आग्रह है कि सारण में होने वाला सोनपुर मेला, जहां इको टूरिज्म के दृष्टिकोण से दुनिया के सबसे ज्यादा इको फ्रेंडली पर्यटक जाते हैं, को आपके माध्यम से मद प्रदान किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर अनुमोदन हेतु विचार करना चाहें।

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : माननीय अध्यक्ष जी, श्री राजीव प्रताप रूडी बहुत वरिष्ठ सांसद हैं और मेरे मित्र भी हैं। उनके बहुत सारे पत्र मेरे पास हैं। मैं उन पत्रों की संख्या भी इनको बता सकता हूं। जो पत्र आपने लिखे थे, वे हमारे मंत्रालय से संबंधित नहीं थे। उन पत्रों को हमने संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया है। इसमें कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।

(1155/MM/RK)

दूसरी बात आपने कही कि इको टूरिज्म को लेकर बिहार का कोई प्रस्ताव है। एक सामान्य पत्र आया था, न डीपीआर आयी है और न वहां से कोई प्रस्ताव आया है। मुझे लगता है कि पिछली बार भी मैंने आपसे यह बात कही थी कि जो इको टूरिज्म के काम चल रहे हैं, जिसका आप उल्लेख कर रहे हैं, उसमें उत्तराखण्ड, तेलंगाना और केरल है। ऐसा नहीं है कि यह तत्काल ही शुरू हुआ है, यह वर्ष 2015-16 से शुरू है। वर्ष 2015-16 में पहली बार उत्तराखण्ड को दिया गया था, तेलंगाना को दिया गया है, केरल को दिया गया है। मैं आपको अमाउंट भी बता सकता हूं, स्थान बता सकता हूं। …(व्यवधान) बिहार से सामान्य पत्र आया था, उसके जवाब में मैंने आपसे कहा है …(व्यवधान)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): प्रश्न का उत्तर न देकर के बाकी विषय के बारे में दिया गया है …(व्यवधान)

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : महोदय, मुझे लगता है कि सदस्य के कोई कारण हैं तो वह कह सकते हैं, लेकिन मुझे आपके माध्यम से कहना है कि मैंने जवाब दिया है। मैंने पहले जवाब देखा था और जो वह कह रहे हैं, वह सही है। लेकिन उसके बाद जवाब में जो परिवर्तन आया, उसमें मैंने कहा है कि प्रस्ताव के रूप में एक पत्र आया है, अब उसको वह प्रस्ताव कह रहे हैं। अगर राज्य सरकार की तरफ से डीपीआर नहीं आएगी, तो आगे कार्रवाई नहीं होगी।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): महोदय, मैं सदन के पटल पर डीपीआर रख देता हूं। …(व्यवधान) सदन में प्राप्त होने के बाद …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज माननीय सदस्य।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): अगर अधिकारी उस डीपीआर को उपस्थापित नहीं करते हैं तो यह प्रिवलेज का मामला है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज माननीय सदस्य।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): अगर यह संचिका गलत है और अधिकारी इस संचिका के बारे में स्वीकार करने को तैयार नहीं है तो यह प्रिवलेज का मामला है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज माननीय सदस्य। आप सप्लीमेंटरी में अपने प्रश्न का जवाब पूछ लीजिएगा।

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : अध्यक्ष जी, अगर माननीय सदस्य को ऐसा लगता है कि उनको गुमराह किया गया है, अगर उनको लगता है तो वह पटल पर भी रख सकते हैं और मुझे भी दे सकते हैं। लेकिन मुझे जो जानकारी है, वही मैंने दी है।

श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा): अध्यक्ष जी, हमारे देश में रिलीजियस टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स बहुत हैं, खास तौर पर उत्तर प्रदेश में। रामायण और बुद्धिस्ट सर्किट के साथ-साथ कृष्णा सर्किट भी पांच साल पहले एस्टेब्लिश किया गया था। जिसमें मथुरा, वृन्दावन, गोवर्धन, बरसाना और नंदगांव शामिल हैं। यह भारतीय धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए बहुत ही बढ़िया काम है, जिसकी वजह से बृज क्षेत्र के हमारे बहुत सारे युवाओं को नौकरी भी मिलती है। लेकिन यह कहने में बहुत ही संकोच हो रहा है कि पिछले पांच साल में काम कुछ ज्यादा नहीं हुआ है, तेजी से भी नहीं हो रहा है और कुछ कहने लायक भी काम नहीं हुआ है। मैं यही जानना चाहती हूं कि कृष्णा सर्किट में तेजी से और समय पर काम खत्म करने के बारे में क्या सरकार ने कुछ सोचा है?

श्री प्रह्लाद सिंह पटेल : अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि उत्तर प्रदेश में चाहे हमारा 'स्वदेश दर्शन' हो, चाहे 'प्रसाद' हो, बड़ी संख्या में वहां काम चल रहा है। हमारी कोई भी योजना राज्य सरकार के बगैर नहीं होती है। कृष्णा सर्किट में मथुरा का जुड़ना या वृंदावन का जुड़ना, हमने प्रसाद योजना में जरूर मथुरा और वृंदावन को लिया है, लेकिन कृष्णा सर्किट के काम की अभी समीक्षा चल रही है, क्योंकि चुनाव के उपरांत ऑडिट होना था कि जो पहले किश्त दी गई है, उसमें कितनी प्रगति हुई है, उस कारण से काम में जरूर रुकावट आई है। जैसे ही रिपोर्ट आएगी, हम आगे की राशि रिलीज़ कर देंगे। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज।

…(<u>व्यवधान</u>)

(इति)

(प्रश्न 205)

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम): स्पीकर महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं और मंत्री जी को भी आपके माध्यम से बधाई देता हूं कि उन्होंने बहुत विस्तार से जवाब दिया है।

बाबा साहब अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो और उस मंत्र को चरितार्थ करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी जी की सरकार सर्वशिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान और टीचर्स एजुकेशन के मंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। इस सरकार में बहुत सारा कार्य हो रहा है। हमारे प्रधान मंत्री और गुजरात के तत्कालीन मुख्य मंत्री जी गुजरात में थे तब उन्होंने शिक्षा में सुधार के लिए शाला प्रवेशोत्सव, कन्या किलोवड़ी महोत्सव और गुणोत्सव, शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम किया था। उसके बहुत अच्छे परिणाम आए थे।

(1200/SJN/PS)

उसमें नामांकन की वृद्धि हुई थी। ड्रॉप आउट रेसियो कम हुआ था और शिक्षण में सुधार आया था। मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि हमारे इन तीनों कार्यक्रमों के तहत क्या शिक्षा में गुणवत्ता, उसमें नामांकन और ड्रॉप आउट में कमी हुई है या नहीं हुई है? अगर नहीं हुई है, तो गुजरात में जो कार्यक्रम है, उस तरह के कार्यक्रम को करने के बारे में क्या आगे हम कुछ सोचेंगे?

मानव संसाधन विकास मंत्री (डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक) : श्रीमान्, इन तीनों अभियान राष्ट्रीय सर्वशिक्षा अभियान, अध्यापकों के प्रशिक्षण और सर्वशिक्षा अभियान को जोड़कर एक समग्र शिक्षा के लिए किया गया है। यह वर्ष 2009-10 से था, लेकिन वर्ष 2018-19 में यह संपन्न हो गया है। इस क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता मिली है और जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा है कि माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने गुजरात में जो अभिनव प्रयोग किए थे, वह हमने इस संबंध में शिक्षा के तहत समाहित किए हैं। उसी का परिणाम है कि जो सकल नामांकन अनुपात 2009-10 में 62.90 था, वह अब बढ़कर 79.28 पर चला गया है। यह 62 से लेकर लगभग 80 तक पहुंच गया है। सकल

नामांकन अनुपात विशेषकर बालिकाओं के बारे में जो चर्चा की गई है, वह वर्ष 2009-10 में 58.70 था, इस समय यह 80.51 से भी ऊपर चला गया है। सकल नामांकन अनुपात का जो शेष है, वह 67.70 से 78.20 तक पहुंच गया है।

श्रीमान्, यदि इन सबको देखें, तो यह काफी ऊंचाई पर गया है। वर्ष 2009-10 में जहां माध्यमिक में तीन करोड़ छात्रों की संख्या थी, इस समय उन छात्रों की संख्या तीन करोड़ चौरासी लाख है। हमने सर्वशिक्षा अभियान के तहत बहुत सारे अभिनव प्रयोग किए हैं। सर्वशिक्षा अभियान के अंदर शिक्षा के अधिकार अधिनियम को भी इससे जोड़ा है, जिसमें जो प्राइवेट स्कूल हैं, वे भी अनिवार्य रूप से 25 प्रतिशत बच्चों को प्रवेश देंगे और भारत सरकार उसकी प्रतिपूर्ति करेगी। इस समय वहां पर 41 लाख बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो गया है। यह दुनिया का एक अभिनव प्रयोग एवं अभिनव व्यवस्था है, जो सफलता की ओर बढ़ रही है।

(इति)

प्रश्न काल समाप्त

…(व्यवधान)

1201 बजे

माननीय अध्यक्ष : मुझे कई माननीय सदस्यों से स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने प्रश्न काल के समय यह व्यवस्था दी थी कि सभा पटल पर पत्र रखने के बाद मैं उन्हें बोलने का मौका दूंगा।

…(व्यवधान)

सभा पटल पर रखे गए पत्र

1202 बजे

माननीय अध्यक्ष : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे। श्री धर्मेन्द्र प्रधान ।

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS AND MINISTER OF STEEL (SHRI DHARMENDRA PRADHAN): I beg to lay on the Table a copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under Section 10 of the Oilfields (Regulation and Development) Act, 1948:-

(1) S.O.367(E) published in Gazette of India dated 22nd January, 2019 regarding royalty rates applicable for DSF Bid Round-I, DSF Bid Round-II and Hydrocarbon Exploration and Licensing Policy together with a corrigendum thereto published in Notification No. S.O.1887(E) dated 31st May, 2019.

(2) S.O.1597(E) published in Gazette of India dated 16th April, 2019 regarding amendment of the Schedule of the Oilfields (Regulation and

Development) Act specifying the concessional rates payable in case of early commencement of the commercial production of crude oil, condensate and natural gas from the contract areas to be awarded under Hydrocarbon Exploration and Licensing Policy.

इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते) : महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:

(1) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)

(एक) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड तथा इस्पात मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(दो) केआईओसीएल लिमिटेड तथा इस्पात मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(तीन) एमओआईएल लिमिटेड तथा इस्पात मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

(चार) एमएसटीसी लिमिटेड तथा इस्पात मंत्रालय के बीच वर्ष 2019-2020 के लिए हुआ समझौता ज्ञापन।

I would request the Finance Minister that they should either acquire that land or compensate them for their land at least to the extent of Rs. 20,000 per acre. Having land on the other side leads to drug smuggling. You might have read in the newspapers that Pakistan is providing not only terrorism but also narco terrorism to India. It is attacking millions of our youth through narco terrorism. You might have read in the newspapers that 425 kgs. of cocaine and heroin was caught by the Customs from the Wagah border just a few days ago.

This is the scale of Pakistan's designs in our country. We always used to get compensation but not getting it now. So, I would request the hon. Finance Minister to make a special provision in the Budget for that.

Another important issue is this. We are not against giving incentives to our neighbours. They should be given. Jammu and Kashmir should be given; Himachal Pradesh should be given; Uttarakhand should be given. They have the right and they should be given. But why have you created an island among all of them? On one side we have Pakistan, on the other side we have Jammu and Kashmir and Himachal Pradesh. We are an island. In the last 20 years, no industry has come to Punjab. No industry wants to come to Punjab as they prefer to go to either Jammu or Himachal Pradesh or Uttarakhand.

We suffered during partition. We suffered 20 years due to terrorism. We do not have a capital. Our water level has gone down to 700 ft. and the rate at which it is depleting trying to feed the nation, I think, in another 15 or 20 years, we will become a desert like parts of Rajasthan. The worst part is a lot of industries from Punjab have dismantled their units and took them to Jammu and Kashmir and Himachal. So, what is the purpose of killing one State? Why can you not add our State in the package? If you cannot do that, at least the border areas should be given some compensation.

So, after having raised all these issues, I would like to congratulate again the Finance Minister and the Prime Minister. But I would like to request them to pay their attention to the four points that I raised which concern the State of Punjab. The existence and prosperity of the State of Punjab is very important for the nation because that is the State which has been providing food for the last fifty years to the nation. Thank you very much. (ends)

1718 hours

SHRI KANUMURU RAGHU RAMA KRISHNA RAJU (NARSAPURAM): Mr. Chairman, Sir, thank you for the opportunity to speak on the Budget. It so happened that today, 8th July, is our beloved leader Dr. Y.S. Rajasekhar Reddy's birth anniversary. So, I have to make a mention about our beloved leader before I start the speech. He was the Member of this august House in the 9th, 10th, 11th and 12th Lok Sabhas. He never lost any election during his life time. He is regarded as the God in our State. …(*Interruptions*) I am coming to the subject. Give me a minute to speak about our leader. Today is 8th July. That is why I am speaking about him. Otherwise, I would not have spoken about him. I thought I should remember our beloved leader and the mentor of our Party, today being 8th July.

Now, I will come to the subject. I was listening to our friend, Shri Sukhbir Badal. He was talking about the difficulties that Punjab had faced. But he has forgotten one thing. The State of Andhra Pradesh is also in a similar position. Our Capital has gone to the newly-formed State. So, we are left without any capital. We have been thrown out without any capital. We are also on a similar platform like you do.

(1720/SM/KN)

So, we also need special consideration. Our hon. Finance Minister has presented the Budget. Undoubtedly, the presentation is very good. Her English is very good and she has spoken different languages also. That is fantastic. She is also the *bahu* of my constituency, Narsapuram.

But the injustice that has been done to our State in particular, is really a painful to all the people of Andhra Pradesh. We all expected a lot. A lot of promises had been made in this august House at the time of AP reorganisation. Even those promises were not fulfilled.

In the Budget, there is no mention about Andhra Pradesh. Of course, no other State has been mentioned. But in the last 5-7 years, this is the only State which has been divided and left without the capital. A lot of promises have been made. What we are requesting is that in the direct taxes, let there be an incentive for the industries which would be set up in the next ten years and in the indirect taxes, let there be a tax benefit for the GST for the coming ten years. Mr. Chairman, Sir, this is a very fair request which had also been promised but which was not brought into the form of an Act. If at least a mention that special care would be taken of the State of Andhra Pradesh is added in the Budget, that would give a lot of relief to the entire people of our State. This is our humble request.

In addition to this, we were given earlier Rs.350 crore under the Backward District Development Fund. It was given only for a period of three years. For the last two years, because of non-submission of Utilisation Certificates by the previous Government, though the money was released, within 24 hours, it was taken back. It is unfair. Now all the bills have been submitted. So, we urge upon the Government to consider the release of Rs.700 crore which has been taken back.

Unfortunately, there is no mention about the Polavaram project in the Budget. Our Chief Minister, day and night, is focussing on this project. We are spending our money first to the tune rupees two/three thousand crore and then they are reimbursing the money. Instead of that, a revolving fund can be set up wherein the Central Government may deposit rupees two/three thousand crore and when we submit the bills, then they can replenish it. This is a request from our side which needs to be considered.

There were so many good points in the Budget, especially Prime Minister's Gram Sadak Yojana, Sagarmala Project, Ujjawala Scheme etc. At the macro level, at the national level, it is a wonderful Budget. Nobody can deny that. But we are very much worried about the injustice done to our State.

With regard to farmers, as Sukhbir Ji has mentioned, no support is being given to them. In the State of Andhra Pradesh, our Hon. Chief Minister has set up at the State level a fund of Rs.3,000 crore for price stabilisation. Sukhbir Ji, you have to listen to this. If the Government of India can take it, with our leader's support, as a role model for agriculture, that would also benefit the country.

With regard to water conservation which is the prime concern of the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji, special impetus has to be given in the Budget. We have to make the water harvesting pits mandatory in the farms, lands and in the house also. Karnataka is an example in this respect. What they are doing is that they have given the permission that in every house a certain number of plants have to be planted and the water harvesting has to be done. This has to be made a law and whoever does it, they should be incentivised and

whoever is not doing it, they should be disincentivised. As far as water conservation is concerned, I request the Government to consider this.

I am concluding by saying that at the macro level, it is a wonderful Budget and we are supporting it. But the injustice that has been done to our State has to be looked into in a very specific manner. To start with, a special place, a special mention to our State should be considered in view of the divided and left-out State.

(1725/CS/AK)

This point has to be added, and with this addition and with the correction of our industrial incentives I am concluding my speech. As regards building the capital, we would request for the support of the entire Members of this august House. Thank you very much.

(ends)

HON. CHAIRPERSON (SHRI N. K. PREMACHANDRAN): Thank you very much.

The next speaker is Kunwar Danish Ali.

1725 बजे

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): महोदय, आपने मुझे वर्ष 2019-2020 के केन्द्रीय बजट पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

महोदय, मैं अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी और उसकी नेता बहन कुमारी मायावती जी की तरफ से भी आपका शुक्रिया अदा करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। वर्ष 2019-2020 का जो बजट माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने पेश किया, उसने देश में रह रहे करोड़ों गरीबों, शोषितों, वंचितों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और मजदूरों का दिल तोड़ दिया है। यहाँ तक मध्यम वर्ग के हितों की भी ज़ालिमाना अनदेखी इस बजट में हुई है। माननीय वित्त मंत्री जी का भाषण सुनकर मन में कोई शंका बाकी नहीं रही कि यह बजट देश के उन चुनिन्दा पूंजीपतियों के लिए बनाया गया है, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी को भारी भरकम चंदा देकर लोक सभा चुनाव में जिताने में मदद की थी।...(व्यवधान) यह बात सारा देश जानता है।...(व्यवधान) यह बात अधिकारिक रूप से सामने आ चुकी है कि देश के बड़े औद्योगिक घरानों ने सबसे ज्यादा चंदा भारतीय जनता पार्टी को दिया है।...(व्यवधान) यह रिकॉर्ड में है।...(व्यवधान) देश के बड़े उद्योगपति घरानों ने सबसे ज्यादा चंदा भारतीय जनता पार्टी को दिया है।...(व्यवधान) इस बजट के प्रावधानों को ध्यान में रखा जाए तो यह साफ हो जाता है कि यह बजट उसी चंदे की कर्ज उतराई की रस्म का एकमात्र हिस्सा है।...(व्यवधान) इस संदर्भ में मैं आपके द्वारा इस सदन का और देश की जनता का ध्यान चार बिन्दुओं पर आकर्षित करना चाहता हूँ।...(व्यवधान) समय की सीमा का ध्यान में रखते हुए मैं केवल चार बिन्दुओं पर अपनी बात केन्द्रित करूँगा।...(व्यवधान)

1727 बजे (श्री कोडिकुन्निल सुरेश पीठासीन हुए)

मान्यवर, इस बजट में देश की 99.3 प्रतिशत कंपनियों के लिए कारपोरेट टैक्स की दर 30 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर दी गई है।...(व्यवधान) इस कदम ने एक ही झटके में सत्तारूढ़

दल को चंदा देने वाले उद्योगपतियों को उनके दिये चंदे से कई गुना ज्यादा फायदा पहुँचा दिया है।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH) : Please sit down.

... (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, you can speak when your turn comes.

... (*Interruptions*)

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): आप मेरी बात सुनिए।...(व्यवधान)

मान्यवर, विडम्बना देखिए कि देश में गरीब, शोषित, वंचित, किसान, युवा, महिला और मजदूर परेशान हैं, लेकिन यह सरकार फायदा उद्योगपतियों को पहुँचा रही है।...(व्यवधान) अपने पहले ही बजट में इस सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं साफ कर दी हैं।...(व्यवधान) सरकार ने बता दिया है कि वह किसके साथ खड़ी है। यह सरकार गरीब, मजदूर, किसान, युवाओं और वंचितों के साथ नहीं खड़ी है, यह सरकार उन अमीर लोगों के साथ खड़ी है, जिन्होंने सत्ताधारी दल को मोटे-मोटे चंदे दिए हैं।...(व्यवधान) इन उद्योगपतियों ने देश के साथ क्या किया है?...(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहूँगा कि ये वही उद्योगपति हैं, जिन्होंने देश के तमाम बैंकों को कंगाल बना दिया है।...(व्यवधान) इन्होंने अपना धंधा चलाने के लिए बैंकों से कर्जा लिया और वापस नहीं किया।...(व्यवधान) एक-एक उद्योगपति बैंकों के हजारों-हजार करोड़ रुपये खाकर बैठे हैं और वापस नहीं कर रहे हैं। यह देश से छिपा नहीं है कि जब से देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है, बैंकों के कर्जे न लौटाने के केसेज में भारी वृद्धि हुई है। मैं सदन और देश की जनता के सामने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कुछ आंकड़े रखना चाहता हूँ।

मान्यवर, आरबीआई द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश में आई है, तब से अब तक बैंकों में ग्रॉस एनपीए में लगभग 4 गुना बढ़ोतरी हुई है।

(1730/RV/SPR)

यह एन.पी.ए. क्या है? महोदय, यह एन.पी.ए. कर्ज की वह रकम है, जो बैंकों से ले ली जाती है और वापस नहीं की जाती है। भारतीय रिजर्व बैंक कहता है कि बैंकों का ग्रॉस एन.पी.ए. जो 31 मार्च, 2014 को 2.13 लाख करोड़ रुपये था, वह मार्च, 2018 में बढ़ कर 10.39 लाख करोड़ रुपये हो गया है। आर.बी.आई. द्वारा जारी आंकड़ों में अगर सरकारी बैंकों के एन.पी.ए. पर नजर डाली जाए तो उसकी स्थिति और भी बदतर है। वर्ष 2014 में 2.27 लाख करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2018 में बढ़ कर 8.95 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

मान्यवर, मैं आपसे इतना ही कहना चाहता हूं कि यह सरकार बहुत अच्छे तरीके से सपने दिखाती है। सपने बेचना और सपनों की मार्केटिंग करना अगर कोई सीखे तो इनसे सीखे। जब ये पहली बार आए थे तो कहा था कि काला धन वापस लेकर आएंगे, पन्द्रह-पन्द्रह लाख रुपये सबके खाते में आएंगे। अब कह रहे हैं कि अगले चार सालों में किसानों की आमदनी दोगुना कर देंगे। पता नहीं कौन-सी रफ्तार से, कौन-सी जादू की छड़ी से ये ऐसा करने वाले हैं? ये कह रहे हैं कि हमारी इकोनॉमी 5 ट्रिलियन डॉलर की होगी। हम चाहते हैं कि यह हो, देश का हर व्यक्ति चाहता है कि यह हो, लेकिन इनकी जो नीयत है, वह साफ नहीं है। सपने दिखाना ये बहुत अच्छे तरीके से जानते हैं।

इंश्योरेंस सेक्टर को जिस तरीके से बेलगाम छोड़ा गया है, 'प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना' के तहत जो इंश्योरेंस होता है तो यहां पर कई साथी किसान परिवार से आते हैं, वे अपने दिल पर हाथ रखकर बता दें कि किस किसान को उस बीमा के तहत मुआवजा मिलता है। किसानों के मरते में दो लात और मारने का काम होता है। इंश्योरेंस के नाम पर किसानों से प्रीमियम वसूल किया जाता है। एक तो वह कर्ज पर ब्याज देता है और ऊपर से उससे और प्रीमियम वसूल किया जाता है। यह 'प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना' सिर्फ कॉर्पोरेट हाउसेज को इंश्योरेंस के माध्यम से फायदा पहुँचाने के लिए लाई गई है।

मान्यवर, आप सब जानते हैं कि पिछले 45 सालों में बेरोजगारी सबसे ज्यादा बढ़ी है। यह मैं नहीं कह रहा हूं, बल्कि ये आँकड़े कह रहे हैं। लेकिन, उससे लड़ने के लिए कुछ नहीं हुआ। अभी तो

सरकार लेबर लॉज़ में भी भारी परिवर्तन करने के संकेत दे रही है। यह भी एक जनविरोधी निर्णय है। उद्योगपतियों को 'हायर एण्ड फायर' करने का अधिकार यह सरकार देने वाली है। इसी के माध्यम से कर्मचारियों की छँटनी होने वाली है।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि ऐसा पहली बार हुआ है कि सरकार के जो उपक्रम मुनाफे में चल रहे हैं, उनके भी शेयर्स बेचने की बात यह सरकार कर रही है। इससे पहले कभी किसी सरकार ने, चाहे वह काँग्रेस की सरकार रही हो, चाहे संयुक्त मोर्चा की सरकार रही हो या एन.डी.ए. की वाजपेयी जी की सरकार रही हो, कभी भी मुनाफे में चल रहे पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स के शेयर्स को बेचने की बात नहीं हुई। पहली बार इस सरकार ने यह संकेत दिए हैं कि वे मुनाफे में चल रहे पी.एस.यूज़. के शेयर्स बेचेगी। ऐसा क्यों है? इसका सीधा मकसद है कि जो कुछ बची-खुची सरकारी नौकरियां हैं, जो दलितों को और पिछड़े वर्गों के नौजवानों को मिलती हैं, उनके हाथों से वह रोजगार छीनना है, वे सरकारी नौकरियां, उन दलितों और पिछड़ों से छीननी हैं। इसलिए ये मुनाफे में चल रहे सरकारी उपक्रमों को बेचने की सोच रहे हैं।

महोदय, इस सरकार ने कॉर्पोरेट टैक्स में भारी कमी की, बैंकों के कर्ज़ माफ किए। यह सरकार बड़े पूंजीपतियों को बेतहाशा फायदा पहुंचा रही है। वहीं दूसरी ओर, देश की गरीब जनता को महँगाई के बोझ के नीचे दबाने का काम यह सरकार कर रही है।

(1735/MY/UB)

इस बजट में डीजल तथा पेट्रोल की कीमत को बढ़ाया गया है। इससे आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाली हर जरूरी चीज़ों की कीमत में वृद्धि होगी। सरकार के इस फैसले से देश की गरीब जनता की परेशानी और बढ़ेगी। गरीब आदमी को राहत देना तो दूर, सरकार के इस बजट ने गरीबों की मेहनत की कमाई छीनकर अपने जेब में डालने का काम किया है। यह कैसी सरकार है, जो गरीबों से छीनकर अमीरों में बाँटने का काम कर रही है। …(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं इतना ही कहना चाहता हूं …(व्यवधान) निशिकांत दुबे जी को तो इनकी पार्टी ने इसीलिए रखा है, अभी तक इन्होंने रूल बुक नहीं निकाली है।…(व्यवधान) वह रूल

बुक निकाल सकते थे।...(व्यवधान) इनमें सच्चाई सुनने की क्षमता नहीं है। वे सच्चाई नहीं सुनना चाहते हैं। जब इस संसद के अंदर गरीब आदमी की बात होगी, शोषित वर्ग की बात होगी, किसान की बात होगी, तो वे नहीं सुनेंगे। इनके जो मास्टर्स हैं, जिनके द्वारा चुनावों में हज़ारों-करोड़ों रुपये आता है, इन्हें तो उनकी बात यहां करनी है। जब हम गरीब तथा किसान की बात करते हैं, तो वे डिस्टर्ब करते हैं।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह बजट गरीब विरोधी है, किसान विरोधी है, नौज़वान और महिला विरोधी है। मैं अभी भी आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि बजट को पास कराने से पहले सोचिए कि इस देश में जो गरीब हैं, जो वंचित हैं, जो शोषित हैं, उनके बारे में आपको कुछ करना होगा।...(व्यवधान) यह बात अलग है कि आप ईवीएम के माध्यम से यहां आए हैं, लेकिन फिर भी आए हैं, तो आप कम से कम गरीब और शोषितों के बारे में कुछ सोचिए।

महोदय, मैं इन्हीं बातों के साथ आपको एक बार फिर से धन्यवाद देता हूं। बहुत-बहुत शुक्रिया।

(इति)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सभापति महोदय, मैं आपसे एक बात कहना चाहता हूं कि अभी बजट पर चर्चा चल रही है, लेकिन हमारे वित्त मंत्री यहां से नदारद हैं।...(व्यवधान)

1737 hours

SHRI SUNIL DATTATRAY TATKARE (RAIGAD): Sir, thank you very much for giving me the opportunity to speak on the General Budget. I also thank Supriya ji.

Sir, this is my maiden speech in the 17th Lok Sabha. So, I dedicate my maiden speech to the country's visionary leader, hon. Shri Sharad Pawar, who has been working for India for six decades and who has been unbeaten in 15 elections. He laid the foundation of second agricultural revolution in the country. I also mention the name of one more leader of the country, the architect of Tamil Nadu, Shri M. Karunanidhi, who was also unbeaten in thirteen elections. So, Salaam Pawar Sahab and Vanakam Karunanidhi ji.

Sir, I would like to mention that I come from a small town, Roha, the same town that late Shri C. D. Deshmukh also belonged to. He was appointed the first Governor of the Reserve Bank of India in 1943. He was the first Finance Minister from 1952-56. He was the pioneer of LIC. He resigned for the formation of the Sanyukt Maharashtra Movement. I am from that area.

Some of my colleagues from Gujarat must be knowing about Shri Pandurang Shastri Athawale, the great philosopher of Shrimad Bhagwad Geeta, Swadhyaya Pariwar. He was also from Roha.

I pay my respect to these honourable personalities.

Sir, the Government created history by getting a huge mandate from the people of India the second time. In 1985, when late Shri Rajiv Gandhi headed the Congress Party, they had such a majority. After a long span, people have given you the majority but you have failed to live up to the expectations of the farmers, the middle class and the youth.

(1740/KMR/CP)

The Government is using fancy words but allocations to various sectors present a grim picture with regard to its commitment 'Sabka Saath, Sabka Vikas and Sabka Vishwas'. There is a severe economic crisis in the country today which the Government fails to acknowledge. The Government is talking about doubling the income of the farmers. When my mentor Shri Pawar Ji was the Agriculture Minister, Swaminathan Committee was appointed. That Committee had given its recommendations. But there is not a single word regarding the acceptance of Swaminathan Committee recommendations in this Budget presented by hon. Finance Minister.

There is no procurement and there is no increase in minimum support price. I know this because I come from a rice-procurement area. In 2004 during Atal Bihari Vajpayee Ji's Government, Rs.450 was given per quintal. When my mentor was the Agriculture Minister, it was Rs.1,550. But in the last five years, there has been no increase in this minimum support price. Even for procurement of food grains, no special provision has been made. It is unfortunate.

Further, Aadhaar is now linked to the IT. About 70 per cent of the country's economy is in the agriculture sector. By connecting it to Aadhaar, is the

Government going to impose income tax on the poor farmers of India? The Government will have to answer this question definitely.

Instead of providing relief to the common man and the middle-class families by giving tax relief, the Government has hiked the Excise Duty on petrol and diesel which will be a burden on the common man who has been bearing the brunt of excise taxation on petrol and diesel. It is my demand that petrol and diesel be brought under GST to lower their prices and benefit the consumer.

The Government always talks about Startup India. In a survey conducted in 2018 on 33,000 startups, 80 per cent said that they received no benefit from the Startup India scheme and over 50 per cent said that corruption remains to be the single biggest challenge to business apart from bureaucratic inefficiency.

The share of loans given to entrepreneurs belonging to SC and ST communities under the scheme has so far been negligible. Thus far, only six per cent bank loans have been given to *Dalits* or *Adivasis* and less than 20 per cent is given to women. As a result of Excise Duty hike, inflation may take place.

The Government has launched its Ayushman Bharat scheme. When I was the Finance Minister in my State, our State Government had implemented a scheme called Rajiv Gandhi Jeevandayee Yojana. An amount of Rs.4,000 crore was given in the Interim Budget presented in February, 2019. However, it is expected to benefit mostly the private hospitals and not the beneficiaries. So, to implement this scheme, you will have to take the healthcare further.

Under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana, as on May 2018, only 45 per cent of the claims made have been settled for farmers as per the Annual Report

of the Insurance Regulatory and Development Authority of India. An amount of Rs.11,900 crore was collected by 11 private sector insurance companies whereas they paid claims worth Rs.8,000 crore only. Especially in Maharashtra, my colleague from Shiv Sena, who are allies of the NDA Government, has also quoted these things.

Pradhan Mantri Awas Yojana saw 4.5 per cent reduction in allocation. In his 2018 Budget Speech, Finance Minister Arun Jaitley Ji committed to constructing 1,000 crore houses by the end of 2019. Only 63 lakh houses or 61 per cent of the target has been achieved by December, 2018.

(1745/SNT/NK)

In the reply given in Lok Sabha on 25th June, 2019, the Ministry of Rural Development stated that they had completed the construction of just above 81 lakh houses against the sanctioned number of over 99 lakh houses.

Maharashtra is a pioneer in local governance. The expenditure by the Ministry of Panchayati Raj dropped from Rs. 3,390 crore in 2014-15 to Rs. 871 crore, a decline of 74 per cent. This Government looks very keen on turning a blind eye towards strengthening Panchayati Raj and local governance.

Sir, I would like to mention about the reduction in total spending on education. Despite the claims of the present Government to improve education across the country, the total expenditure has not seen an increase in proportion to the Budget. It has actually fallen from what it was in 2017-18. I would like to give an example. The spending in 2017-18 was 3.7 per cent; spending in 2018-19 was 3.4 per cent; and the spending in 2019-20 is going to be around 3.4 per

cent. I would like to say here that you are going to set up international universities in the country and foreign students will be allowed in those universities. Sir, through you, I would like to ask the hon. Minister as to what will happen to the reservation? When foreign students are allowed in those universities, what will happen to the SC/ST, OBC reservation? That will be the problem therein.

I would like to ask the Minister regarding the PSUs, about which my colleague also mentioned here. The profit-making PSUs are also likely to be disinvested. You had given the assurance that two crore jobs will be created every year. An hon. Member stated earlier that even profit-making PSUs are going to be disinvested. If that is the case, what will happen to the youngsters who are waiting for the jobs?

Sir, I would like to ask about Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana. Now the Budget for this is Rs. 80,000 crore. I would like to mention about my Raigad district here. Since the last three years, not a single rupee has been spent on this particular scheme.

Sir, I would like to point out that this country is a secular country. Coming to the reduction in funds for minorities, Sir, post-matric scholarship scheme is there for the minorities. The budget for this scheme was Rs. 692 crore in 2018-19 and Rs. 496 crore in 2019-20 it is. So, there is a decline of 28 per cent. For the National Minorities Development and the Finance Corporation, the budget was Rs. 165 crore in 2018-19 and Rs. 60 crore in 2019-20. So, there is a decline of 64 per cent. For Maulana Azad Education Foundation, the budget allocation

was Rs. 125 crore in 2018-19, and it is Rs. 90 crore in 2019-20. So, there is a decline of Rs. 28 crore.

Sir, I would like to mention one thing here. In Bharat Mala project, there is one highway which goes from Mumbai to Goa, and then from Karnataka to Kerala. We have been reminding the Government about that stretch from Mumbai to Goa for the last 40 years. The hon. Minister, Shri Gadkari is an influential Minister in NDA. I would like to bring to the notice of the Treasury Benches that in Maharashtra he is not known by the name of Nitin Gadkari, but by the name of Nitin Roadkari. But I do not know whether he is helpless or what, this road is not being constructed. I would like to ask that what had happened to that road. Same is the case regarding Sagarmala Project also. So, it is pending.

Sir, I would like to bring to their notice through you, that the highest civilian award of Republic of India, Bharat Ratna has been awarded since last six decades.

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): Please conclude now.

SHRI SUNIL DATTATRAY TATKARE (RAIGAD): In 1958, Maharshi Dhondo Karve who was born in Dapoli in Ratnagiri district worked for the women's welfare. Mahatma Jyotirao Phule, Savitribai Phule were from Dapoli. Pandurang Vaman Kane who was awarded the Bharat Ratna award in 1963, for his scholarly work that spanned 40 years of active academic research, which resulted in 6,500 pages history of Dharmashastra.

(1750/GM/SK)

Shri Vinoba Bhave was born in Gagode in my Raigad district and translated the Gita in Marathi language titled as *Gitai*. Dr. Babasaheb Ambedkar was born in Mhow but his childhood was spent in Mandangad, Ambawade. These four Bharat Ratna awardees belong to only two talukas. So, the Ratnagiri district should be declared as a tourism district. Shri Nanasaheb Dharmadhikari, the recipient of 'Maharashtra Bhushan' which is the highest civilian award of Maharashtra, is also from my Raigad district. So, the circuit of tourism should be there. The new generation should be aware as to what sacrifice our people have made for this country.

Lastly, I would like to say a few words in Marathi.

{For English translation of the speech
made by the hon. Member,
Shri Sunil Dattatray Tatkare in Marathi,
please see the Supplement. (PP 456 to 457)}

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): You can speak in English or Hindi, but Marathi translator is not here as you have not given prior notice.

SHRI SUNIL DATTATRAY TATKARE (RAIGAD): I will speak in English now so that the Minister can understand. Bank of India is the lead bank of my Raigad district. Rs. 11,000 crore have been deposited by the common people. Only for

the NPA of Rs. 60 lakhs, the branch in a small village of Mhsala Taluka has been closed. The villagers are now required to go 22 kilometres away to the taluka place.

Shrimati Supriya Sule had asked one question about CSR fund. Our Raigad district has a very high investment from the Government of India, the State Government and private entrepreneurs, but no CSR funds are allotted to my Raigad district. Even the CSR funds of RCF and JNPT have not been given to our district. So, I request that the CSR fund should be given to our district.

(ends)

1753 बजे

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): माननीय सभापति जी, आपने मुझे माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किए गए जनरल बजट पर हो रही चर्चा में भाग लेने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं आदरणीय वीरेन्द्र सिंह जी को भी धन्यवाद देता हूं।

मैं काफी देर से सभी राजनीतिक दल के माननीय सदस्यों द्वारा की गई चर्चा सुन रहा था। यह जनरल बजट वर्ष 2019-20 का है। किसी भी सरकार का बजट उस सरकार की प्राथमिकताएं होती हैं। सवाल उठ रहा है, कुछ वक्ता बोल रहे थे कि यह सरकार अमीरों की सरकार है, यह सरकार उद्योगपतियों के पक्ष में काम कर रही है। मुझे निश्चित तौर से उस ज्ञान पर आश्चर्य हो रहा है। हम एक तरफ इस बजट को पढ़ें।

(1755/MK/RK)

मैं केवल देश के किसानों की बात करता हूं। देश का किसान, गांव, गरीब और मजदूर की बात करता हूं। वर्ष 2014 में आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनी। जब वे भारत की पार्लियामेंट की चौखट पर आए थे, तब उन्होंने कहा था कि मेरी सरकार देश के गरीबों, गांव, मजदूरों, किसानों और महिलाओं के लिए समर्पित सरकार होगी। उन्होंने इस बार भी चुनाव में वोट मांगा था। उन्होंने एनडीए या भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सत्ता में आने के लिए वोट मांगा था। उन्होंने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक देश में एक नए भारत के निर्माण के लिए वोट मांगा था। वह कैसा भारत होगा? आखिर उन्होंने क्यों न्यू इंडिया की बात की।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आज भी एक ऐसा भारत था जो ग्रामीण भारत है, जहां आज भी गांव में मकान नहीं था, शौचालय नहीं था, गांव में बिजली कनैक्शन नहीं था, गांव में क्लीन एनर्जी उज्ज्वला गैस का चूल्हा नहीं था। गांव में सौभाग्य योजना में कनैक्शन नहीं था। किसानों के पास खाद और पेस्टिसाइड के लिए पैसा नहीं था। एक तरफ दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद या मुंबई का भारत था, जहां रात को भी दिन लगता था। जो विषमताएं और विषंगतियां थीं, पहली बार

मोदी जी ने तय किया कि ग्रामीण भारत, जो अभाव का भारत है और जो शहरी भारत है, इन दोनों भारत के बीच के अंतर को हमारी सरकार समाप्त करके एक भारत का निर्माण करेगी। उस भारत के संकल्प के लिए इस बजट को प्रस्तुत किया गया है। उस दिशा में हम आगे बढ़े हैं।

अगर आज देखें तो वर्ष 2019-20 में करोड़ों किसानों के लिए सरकार ने बजट दिया है। माननीय सदस्य जो आलोचना कर रहे हैं, उन्होंने शायद इसे पढ़ा न हो। आप देखिए कि वर्ष 2018-19 में जब कृषि बजट दिया था, वह आजादी के बाद पिछले वर्ष का सबसे हाइएस्ट बजट 57,600 करोड़ रुपये का था। इस चुनाव के पहले वर्ष 2018-19 में 57,600 करोड़ रुपये देश के किसानों को दिये गये थे। उस समय भी सदन में चर्चा हुई थी कि हम देश के कृषि और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय को दोगुना करने के लिए पिछली सरकारों की तुलना में हाइएस्ट बजट दे रहे हैं। आज एक साल बाद वर्ष 2019-20 के लिए हमने कृषि का परिव्यय 1,30,485 करोड़ रुपये का बजट एलोकेट किया है। मैं निश्चित रूप से देश के करोड़ों किसानों की तरफ से सरकार को बधाई देना चाहता हूं। पिछले बजट की तुलना में इस बार के बजट में किसानों के लिए 140 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि इस सरकार को कोई सफाई नहीं देनी है। पिछले पांच वर्षों में हमारी सरकार ने जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा किया है। चाहे सरकार ने कहा हो कि निश्चित तौर पर हम देश के 18 हजार गांवों में, आजादी के बाद अगर बिजली नहीं थी तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है, कौन-सी सरकारें जिम्मेदार थीं कि 18 हजार गांवों में, आजादी 1947 में मिली हो और वर्ष 2017-18 तक 18 हजार गांवों में बिजली न हो। इसी सदन में प्रधान मंत्री मोदी ने खड़े होकर कहा था कि चाहे नार्थ ईस्ट का कोई आखिरी गांव हो, जहां पोल नहीं पहुंच सकता हो या कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक किसी भी राज्य का कोई गांव हो, किसी पार्टी की भी सरकार हो लेकिन एन.डी.ए. की सरकार हर गांव में, हर मजरे में विद्युतीकरण करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने उन 18 हजार गांवों का विद्युतीकरण करके दिखाया। आज हम कह सकते हैं कि आजादी के बाद अगर देश के हर गांव इलेक्ट्रिफाइड हुए हैं, तो यह हमारी सरकार की देन है। आज फिर यह संकल्प

दिया है कि इस देश के हर घर को हम मुफ्त बिजली का कनेक्शन देंगे, चाहे वह गरीबी रेखा के नीचे हो या गरीबी रेखा के ऊपर हो, सभी को मुफ्त कनेक्शन देंगे। आज एक-एक जनपद में, मेरी लोक सभा क्षेत्र में 300-400 करोड़ रुपये दिए जा रहे हैं। एक-एक घर का सर्वे हो रहा है, चाहे वह घर दूर खेत, खलिहान में हो, उसको भी हम बिजली का कनेक्शन मुफ्त में दे रहे हैं। कल्पना कीजिए कि कुछ सालों पहले कैसे बच्चों को किसी स्टेशन पर पढ़ना पड़ता था? इस गरीबी को, इस अभाव को वही समझ सकता है, जिन्होंने बचपन में खुद देखा था।

(1800/YSH/PS)

उन्होंने खुद स्टेशनों पर लैम्प पोस्ट में पढ़ाई की होगी, उन्होंने स्टेशन पर जिस गरीबी के अभाव में सोचा होगा, निश्चित तौर पर इस देश की जनता ने हमारी सरकार को जनादेश दिया है। अब आने वाले इस काल में कोई ऐसा बच्चा नहीं होगा, जिसके घर में बिजली का बल्ब न हो।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल): चेयरमैन सर, 6 बज गए है और बजट पर बी.ए.सी. में 12 घंटे डिसकशन अलॉट किया है। मेरा अनुरोध है कि 2 घंटे डिसकशन बढ़ा दिया जाए।

HON. CHAIRPERSON (SHRI KODIKUNNIL SURESH): If the House will agree, we can extend the time of the House.

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): माननीय सभापति, मैं एक महत्वपूर्ण सूचना आपको देना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश का बलिया लोकसभा क्षेत्र जहां से मैं प्रतिनिधित्व करता हूं। लंबे समय से पूर्व प्रधान मंत्री चन्द्रशेखर जी उसका प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। आज उनकी पुण्यतिथि है। मैं सदन को इस बात की सूचना देना चाहता हूं और सदन की तरफ से उनकी पुण्यतिथि पर नमन करना चाहता हूं।

HON. CHAIRPERSON: The time of the House maybe extended by two hours.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes

1801 hours (Shri N.K. Premachandran *in the Chair*)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अधिष्ठाता महोदय, आज केवल हमने कृषि के क्षेत्र में 140 परसेंट बजट की वृद्धि नहीं की है बल्कि लोग यह सवाल पूछ रहे थे कि किसानों की आय दोगुनी कैसे हो गई। आज गांव में जो लघु सीमांत किसान हैं, उन किसानों के पास आज भी खाद का पैसा नहीं है, बीज का पैसा नहीं है, पेस्टीसाइड का पैसा नहीं है। गांव में उनको सिंचाई के लिए पैसा नहीं है। आज उन्हीं किसानों को जो करोड़ो किसान पैसे के अभाव में है, आज उनको प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि में जब चुनाव के पहले 24 फरवरी को गोरखपुर में प्रधान मंत्री जी ने प्रधान मंत्री किसान सम्मान को डिजिटल से ट्रांसफर किया था, लगभग 3 करोड़ किसानों के परिवारों के खातों में गया था तो उस समय कहा गया कि यह केवल चुनाव के पहले देश के किसानों को एक लॉलीपॉप है। चुनाव के बाद शायद फिर यह योजना नहीं चलेगी और न इस योजना का आगे किसानों को पैसा मिलेगा। जब हमने आजादी के बाद पहली बार हमारी सरकार के प्रधान मंत्री ने जब गोरखपुर से डिजिटल माध्यम से 3 करोड़ रुपये खाते में दिया तो आज जो सत्ता में आने का ख्वाब देख रहे थे, उन्होंने भी किसानों से वायदा किया कि हम अगर सरकार में आ जाएंगे तो 72 हजार रुपये देंगे। लोगों ने देखा था कि 10 वर्षों में किसानों के लिए दिया नहीं, उसके बावजूद उन्होंने इस बात को माना कि किसानों के खाते में पैसा जा सकता है तो वह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में जा सकता है और आज चुनाव के बाद पहली मंत्रिपरिषद की बैठक में मैं निश्चित तौर से देश की 130 करोड़ जनता की तरफ से, किसानों की तरफ से जो 80 प्रतिशत किसान हैं, इस सदन के माध्यम से अपनी सरकार और प्रधान मंत्री जी को बधाई दूंगा। कृषि मंत्री जी को बधाई दूंगा कि आज जो एक राइडर था कि दो हेक्टेयर तक के ही किसानों को प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि में 6 हजार रुपये मिलेंगे और उस 6 हजार पर यह पहली कैबिनेट पर फैसला हुआ कि चाहे 2 हेक्टेयर हो या इससे ऊपर हो, अगर किसान है, उसके पास एक बिस्मिल भी जमीन है और अगर वह फार्मर की परिभाषा में आता है तो देश के उन सभी किसानों को उनके खाते में प्रत्येक वर्ष उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 6 हजार रुपये हमारी सरकार देगी, जिसके लिए 75 हजार करोड़ हमने इस बजट में प्रावधान किया है।

आप कहते है कि इस बजट के बाद आज उन लोगों को चाहे चुनाव में मुद्दा बना रखा हो। सारे अखबारों ने बजट प्रस्तुत करने के बाद क्या लिखा? सारे टेलीविजन पर डिबेट हुई। हमारे वित्त राज्य मंत्री यहां बैठे हैं। यही लिखा कि अमीरों पर कर और गरीबों पर कर्म। मैं समझता हूं यह पहली बार अखबारों में कैप्शन आया होगा कि इस देश की सरकार ने गरीबों को राहत देने के लिए गरीबों पर कर्म किया है। आप कहते थे कि यह सूट-बूट की सरकार है, यह उद्योगपतियों की और अमीरों की सरकार है। आज कौन सा टैक्स लगा? एक करोड़ की नकद निकासी हो और उसके बाद उस पर यदि 2 परसेंट लग जाए। 400 करोड़ की कंपनियां हों, उस पर 25 परसेंट कॉरपोरेट टैक्स हो। मुझे समझ नहीं आता है कि आज निश्चित तौर से टैक्स स्लेब देख लें तो मुझे लगता है कि आज टैक्स स्लैब पर एन.पी.ए. की बात हो रही थी। एन.पी.ए. लगातार कांग्रेस यू.पी.ए. की सरकार पर बढ़ता चला गया और उस एन.पी.ए. को रोकने के लिए दो एक्ट बनाए गए है इंसोलवंसी बैंक्रप्सी कोड और सरफेसी कोड दोनों का मैं मैम्बर रहा हूं। यह हमारी सरकार ने बनाया है।

(1805/RAJ/RC)

एक साल में एनपीए एक लाख करोड़ रुपये कम हुए हैं, चार लाख करोड़ रुपये का रीयलाइजेशन हुआ है। मैं समझता हूं, ये आंकड़े हैं। चार लाख करोड़ रुपये की रिकवरी हुई है। इनसॉल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी कोड बनने के बाद या सरफेसी एक्ट बनने के बाद 13.8 प्रतिशत लोन की वृद्धि हुई है। जो बैंक डूब रहे थे, तमाम बैंक दीवालिया हो रहे थे। बैंकों में गरीबों की पूंजी थी, जो बैंक में जमा कर रहे थे, लेकिन उनकी निकासी नहीं हो पा रही थी, क्योंकि बैंक दीवालिया हो रहे थे। आज उन बैंकों को बूस्ट करने के लिए पहली बार इस बजट में 70 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके लिए मैं देश के उन सभी जमाकर्ताओं की तरफ से उनको बधाई देना चाहता हूं। आज पांच लाख रुपये तक की आय वालों पर कोई टैक्स नहीं है। यह पहली बार हुआ है। पहले यह सीमा ढाई लाख रुपये की थी। वित्त मंत्री जी और हम लोग लगातार तीन बार इस सदन में रहे हैं। हम ने हमेशा देखा है कि कर की सीमा 25 हजार या 50 हजार रुपये बढ़ाई जाती थी। जब अंतरिम बजट आया तभी यह तय हुआ कि पांच लाख की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। अगर आप सैस और टैक्स

के बारे में कहते हैं तो निश्चित तौर पर देश की बुनियादी ढांचों और देश की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए हम जवाबदेह हैं। हम ने कहा था कि हर घर को बिजली देंगे, हर गांव को बिजली देंगे। आज हर गांव में बिजलीघर देने का प्रयास किया जा रहा है। वर्ष 2022 तक सभी को हमने घर देने का संकल्प लिया है। एक वर्ष में 01 करोड़ 95 लाख मकान मकान बनाने की इच्छाशक्ति भारतीय जनता पार्टी, एनडीए की सरकार में है। खुद वित्त मंत्री जी ने कहा है कि 314 दिनों में एक प्रधान मंत्री आवास बनता था, अब वह मात्र 114 दिनों में बनेगा। आप गांव जाइए। मुंडा जी यहां बैठे हुए हैं। झारखंड के गांवों में जाइए, आदिवासी इलाकों में जाइए, छत्तीसगढ़ में जाइए। …(व्यवधान) मान्यवर, मैंने अभी अपनी बात शुरू की है। मैं सेकेंड वक्ता हूं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आज हम 01 करोड़ 95 लाख आवास दे रहे हैं। आजादी के बाद, आज हर घर में टॉयलेट्स होने चाहिए थे। हम ने 9 करोड़ टॉयलेट्स बनाए हैं। हम ने 'उज्ज्वला योजना' के तहत सात करोड़ चूल्हे बांटे हैं। गांव में कभी कोई क्लीन एनर्जी की कल्पना नहीं कर सकता था।

आज हम श्रमिकों की बात करते हैं। You are always advocating for the interest of labour and for the protection of labour. I used to endorse even your cause. आज पहली बार आपको महसूस हो रहा होगा कि उन श्रमिकों को प्रति माह तीन हजार रुपये पेंशन देने की बात है। तीन करोड़ खुदरा व्यवसायिओं को वह देने की बात है। एक करोड़ रुपये का लोन 95 मिनट में निकल सकता है। आज फाइव ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की बात होती है। देश की आजादी के बाद वर्ष 2014 तक देश की इकोनॉमी क्या थी – 1.85 ट्रिलियन डॉलर। वर्ष 1947 में देश आजाद हुआ और वर्ष 2014 तक देश की अर्थव्यवस्था केवल 1.85 ट्रिलियन डॉलर की थी। वर्ष 2018 में यह 2.7 ट्रिलियन डॉलर थी। हमारा संकल्प है कि हमारा देश तीन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला देश बने। हम एनडीए की सरकार में ग्यारहवें से छठे स्थान पर आ गये हैं और हम पांचवें स्थान पर पहुंच जाएंगे। आज हम दुनिया में अर्थव्यवस्था के मामले में छठे स्थान पर हैं। …(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON (SHRI N. K. PREMACHANDRAN): Please conclude now. There are so many speakers from the BJP.

SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ): Sir, I am concluding. मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। आज इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बात हुई है।

आज महिलाएं हों या श्रमिक हों, जब जन-धन एकाउंट्स खुल रहे थे तो उसे प्रधान मंत्री जी ने एक अभियान बनाया। लोग कहते थे कि गरीबों का जन-धन खाता खुलेगा, उसमें पैसा कहां से आएगा? यह खाता किस लिए खुल रहा है? लोग सरकास्टिक रिमार्क्स पास किया करते थे। आज 33-34 करोड़ प्रधान मंत्री जन-धन खाते खुले। आज उसी जन-धन खाते में वीमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप में जीरो बैलेंस पर खाता खुल रहा है। गांव की गरीब महिलाओं को अपने किसी बच्चे या बीमार सदस्य के 105 डिग्री के बुखार की हालत में पांच हजार रुपये की ओवरड्राफ्ट की सुविधा मिल रही है। वे शहर लेकर जाकर उसका इलाज करा सकते हैं। सेल्फ हेल्प ग्रुप से उनको एक लाख रुपये का लोन मिल सकता है।

आज हम रेलवे में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहे हैं। अगर इन्वेस्टमेंट नहीं होगा तो एम्प्लॉयमेंट नहीं बढ़ेगा और एम्प्लॉयमेंट नहीं होगा तो जीडीपी नहीं।

निश्चित तौर से ये सारे विषय आपस में जुड़े हुए हैं। क्या इसी सदन में वर्ष 2014 तक पॉलिसी पैरालिसेस की बात नहीं होती थी? आज पॉलिसी पैरालिसेस की बात नहीं हो रही है। आज ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की बात हो रही है। आज ईज़ ऑफ लिविंग की बात हो रही है। मैं समझता हूं कि आज देश बदल रहा है। पहले दुनिया में लोग अपने देश से पूंजी निकाल कर यूरोप, अमरीका, साउथ अफ्रीका में इन्वेस्ट कर रहे थे, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। आज चाहे दावोस का आर्थिक सम्मेलन हो, चाहे ब्रिक्स का सम्मेलन हो, चाहे जी-20 का सम्मेलन हो, आसियान का सम्मेलन हो, यूनाइटेड नेशन्स का सम्मेलन हो, अब दुनिया में जब हमारे प्रधान मंत्री जाते हैं, तो वर्ल्ड के लीडर बनकर इमर्ज करते हैं और पूरी दुनिया हमारी तरफ देख रही है कि ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए हमारा देश एक अच्छा मुल्क है।

माननीय सभापति (श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन) : आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि डायरेक्ट टैक्सेस बढ़े हैं। पैन कार्ड हो या न हो, आधार कार्ड मान्य कर दिया। मुकेश जी बैठे हैं, जिस गांव में भी जाएं, किसी भी पार्टी का एमपी हो, हर एमपी से सबसे पहले गांव का व्यक्ति मांग करता है कि हमारे गांव को भी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ दीजिए। आज देश का हर गांव इस योजना से जुड़े, उसके लिए 1,25,000 किलोमीटर सड़क बनाने का प्रावधान इस बजट में किया गया है। पहले हम लोग थोड़ी-थोड़ी सड़क के लिए प्रस्ताव भेजते थे। मैं समझता हूं कि हर संसदीय क्षेत्र के सांसदों के गांव की कनेक्टिविटी इस योजना के माध्यम से होगी, जिसके लिए 80,250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

माननीय सभापति : आप कृपया बैठ जाएं। आपकी पार्टी के भी 30 से ज्यादा सदस्यों ने अपनी बात कहनी है।

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): मैं सिर्फ इतना मेंशन करना चाहता हूं कि कितना एलोकेशन पीएमजीएसवाई योजना के लिए किया गया है। अभी तक घरों में शौचालय नहीं था, बिजली कनेक्शन नहीं था, आवास नहीं था, गैस नहीं थी। हमने साढ़े पांच लाख से ऊपर गांवों को ओडीएफ किया है, 9 करोड़ शौचालय बनाए हैं। 256 जिलों के 1592 ब्लॉक डार्क जोन हो रहे थे। वहां पानी की कमी थी। लोग कहते हैं कि थर्ड वर्ल्ड वॉर पानी पर होगा। अधीर रंजन जी भी कह रहे थे। हम भी उस डिबेट में भाग ले रहे थे। निश्चित तौर पर मैं कह रहा हूं कि यह संकल्प हो कि हर गांव में हम बिजली पहुंचा सकते हैं, हर घर को उज्ज्वला दे सकते हैं, हर घर को शौचालय दे सकते हैं, ऐसे ही हमारी सरकार हर घर को जल देगी। इस बजट का ध्येय 'जल और जीवन' है। 'हर घर को जल और हर घर के नौजवान का बेहतर कल, यही हमारा है संकल्प।'

(इति)

(FOR REST OF THE PROCEEDINGS, PLEASE SEE THE SUPPLEMENT.)